राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 178, पेज 8, मूल्य 1 रूपये शुक्रवार 13 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

इनसे मिलिए...! जबरा फैन। Page 5



# जनता ने हुड्डा को सत्ता से परमानेंट बेदखल किया, लूट का राज कायम करने के सपने छोड़ दे कांग्रेस : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को गोहाना से भाजपा प्रत्याशी अरविन्द शर्मा व बरोदा से प्रदीप सांगवान का नामांकन पत्र दाखिल करवाया। इससे पहले जनसभा में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और हुड्डा को घेरा। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर जोरदार हमला करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हुड्डा 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे और मैं मात्र 56 दिन ही काम कर पाया। फिर भी अगर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा चाहें तो दोनों के कार्यकाल का तुलना करके देख लें, किसने ज्यादा काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 56 दिनों का उनका यह कार्यकाल विकास का मात्र ट्रेलर है, असली पिक्चर 8 अक्टूबर को चुनावी नतीजों के बाद दिखाई जाएगी। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में जिस तरह महिलाओं, युवाओं और गरीबों पर अत्याचार होते थे आज उसका बदला लेने का समय है। हरियाणा की जनता ने हुड्डा को 10 साल पहले ही नकार दिया था, इस बार भी कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जनता हरियाणा की कुर्सी नहीं देगी। जनता ने हुड्डा को सत्ता से परमानेंट बेदखल कर रखा है। हुड्डा हरियाणा में लूट का राज कायम करने के सपने छोड़ दें। इस अवसर पर बरोदा से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान और मंडी प्रधान रामधारी जिंदल भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल पर तंज कसते हुए कहा कि भूपेन्द्र हुड्डा के कार्यकाल में शाम 6 बजे के बाद कोई काम नहीं होता था, जबकि मैंने हर समय मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे सभी के लिए खोल दिए हैं। यदि आधी रात में भी किसी को आवश्यकता हो, तो वह अपने मुख्यमंत्री के पास या सकता है।

**कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

मुख्यमंत्री सैनी जी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है की भारतीय जनता पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता अब मतदान की तिथि तक चैन से नहीं बैठेगा और भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करेगा।

**कांग्रेस के नताओं में नहीं आया कोई परिवर्तन : अरविन्द शर्मा**

इस मौके पर गोहाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अरविन्द शर्मा ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि 2014 में जनता ने जिस कांग्रेस की सरकार को नकार दिया था, यह बिल्कुल वैसी ही कांग्रेस पार्टी है। इनके नेताओं में आज तक कोई भी बदलाव नहीं आया। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जी ने 56 दिनों के भीतर ही प्रदेश की जनता के विकास के लिए 126 ऐतिहासिक फैसले लिए हैं और हरियाणा को एमएसपी पर किसानों की सभी फसलें खरीदने वाला पहला राज्य बना दिया है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी आज करेंगे भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर का उद्घाटन



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को रोहतक में भाजपा के प्रदेश मीडिया सेंटर का उद्घाटन करेंगे। भाजपा के इस मीडिया सेंटर से प्रदेश में समन्वय के साथ-साथ भाजपा की रीति नीति को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रदेश मीडिया सेंटर के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।विधानसभा चुनाव को स्पष्ट बहुमत से जीतने और तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने के लिए भाजपा आगे बढ़ रही है। भाजपा का लक्ष्य सरकार की हर योजना को घर-घर तक पहुंचाना है। इस मीडिया सेंटर से नायब सरकार की उपलब्धियां हर घर तक पहुंचे इसी लक्ष्य को लेकर शुक्रवार को मीडिया सेंटर की स्थापना की जाएगी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि चुनाव को जीतने की रणनीति के तहत भाजपा काम कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक में प्रदेश मीडिया सेंटर का उद्घाटन करने आ रहे हैं।अरविंद सैनी ने बताया कि चुनाव के दौरान भाजपा सरकार द्वारा जनहित में कराए गए विकास कार्यों और घोषणाओं का प्रचार-प्रचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को जिताने में प्रदेश मीडिया कार्यालय की भूमिका अहम रहने वाली है।

# विधानसभा चुनाव से संबंधित कार्यों को समय अनुसार पूरा करें अधिकारी : डॉ. राघव लंगर



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नियुक्त किए गए जनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर एवं पुलिस ऑब्जर्वर द्वारा आरओ, नोडल अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ जिले में की गई चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श आचार सहिता की पूर्ण: पालना सुनिश्चित करें और अगर कोई शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें।

जनरल आब्जर्वर डॉ. राघव लंगर ने निर्देश दिए कि नामांकन का कार्य अब लगभग पूरा हो गया है तो ऐसे में अब आचार सहिता के उल्लंघन की शिकायत ज्यादा आएंगी। इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से इनका निपटान करें। उन्होंने कहा कि शराब अवैध रूप से नकदी के मामले भी इन दिनों बढ़ जाते हैं ऐसे में सभी टीमें लगातार निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर व्यवस्थाएं पूरी करें। प्रत्येक बूथ पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय गाइडलाइन के तहत सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरा करना सुनिश्चित करें। जनरल ऑब्जर्वर विभूति रंजन चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को अच्छे तरीके से करवाएं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के हिसाब से सभी कार्यों को करना सुनिश्चित करें। किसी भी विधानसभा में रीपोल जैसी स्थिति न आए। पोलिंग के दिन सभी बूथों पर ईवीएम, बीयू, सीयू,वीवीपैट मशीनें सही से कार्यरत हो। अगर कहीं कोई दिक्कत आए तो आरओ तुरंत एक्शन लें।

जनरल आब्जर्वर गीता सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिएज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी की जाए। सभी क्षेत्रों में महिला वोटरों को अधिकसे अधिक जागरूक करें। सभी आरओ नए स्थापित किये गए बूथों का अच्छे से व्यक्तिगत तौरपर निरीक्षण करें ताकि मतदान के दिन कहीं कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों की जिम्मेवारी पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने की है, इसलिए अपनी ड्यूटी को गंभीरता से निभाएं।

व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस समता मुल्लमुडि ने समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदर्श आचार सहिता की पूर्णत: पालना सुनिश्चित करें औरअगर कोई शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। सभी नाकों पर सभी गाड़ियों की चैकिंग करें अवैध शराब और नकदी जैसे मामलो कोई कोताही नही बरतना है जिस वाहन पर शक हो उससे तुरंत चेक करना है और अपराधिक गतिविधि, कानून काउल्लंघन करने या शराब आदि अधिक मात्रा में पाए जाने पर तुरंत वाहन चालक और वाहन को जब्त कर प्रशासन को सौंप देना है।

व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस विवेक कुमार उपाध्याय के निर्देशानुसार सभीअधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है और साथ ही एफएसटी और एसएसटी के अधिकारियों को निर्देश दिए की नाकों पर चेकिंग के दौरान अगर कोई व्यक्ति आपराधिक गतिविधि या कानून का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उस पर कार्यवाही के दौरान वीडियोग्राफी की जाए और कैमरामैन द्वारा बनाई गई सारी फुटेज को संभाल कर अपने पास सेफ करके रखे और एक कॉपी सीडी बनाकर कंसर्नड आरओ या सम्बंधित अधिकारी को भेजनी है।

# बीजेपी की टिकट न मिलने पर इनेलो-बसपा की टिकट से मैदान में उतरे नागेन्द्र भड़ाना



नागेन्द्र भड़ाना इनेलो बसपा का पटका पहने इनेलो और बसपा के कार्यकर्ताओं के संग विक्ट्री चिंह दिखाते हुए तथा नागेन्द्र भड़ाना को उनके समर्थक कंधों पर उठाकर ले जाते हुए। फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** इनेलो के विधायक रहे नागेन्द्र भड़ाना ने बीजेपी की टिकट न मिलने पर एक बार फिर इनेलो बसपा के गठबंधन के साथ जुड़कर अपना एनआईटी-86 से नामांकन दाखिल किया है। बुधवार की रात को बीजेपी ने एनआईटी 86 से अपना प्रत्याशी सतीश फागना को घोषित कर दिया। जिस पर बृहस्पतिवार को ही नागेन्द्र भड़ाना ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा छोड़कर इनेलो बसपा के गठबंधन के साथ जुड़ कर अपना नामांकन बृहस्पतिवार को अंतिम दिन एनआईटी-86 से नामांकन दाखिल किया। नामाकंन दाखिल करने के बाद उनके प्रत्याशियों में जोश इतना बढ़ गया, कि वह नागेन्द्र भड़ाना को कंधों पर उठाकर लघुसचिवाय से ही 500 मीटर दूर खड़ी उनकी कार तक कंधो पर उठाकर लेकर पहुंचे और कार में बैठाया। उनका कहना था कि वह कंधों पर ही उठाकर नागेन्द्र को इस बार चंडीगढ़ पहुंचाएँगे।

**टिकट होल्ड करना पार्टी को नहीं देता शोभा:**

नागेंद्र भड़ाना ने कहा कि मैंने 5 साल भाजपा के साथ तन मन से काम किया और 2019 से 2024 वाले लोकसभा में भी भाजपा की मदद की। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव को लेकर मुझसे पार्टी की कुछ नाराजगी थी। कुछ भाजपा के लोग मेरे घर पर आए थे। उन्होंने ही मेरी टिकट होल्ड करवाई। भाजपा से टिकट नहीं मिला इसका अब की गम नही है। अब जनता जनार्दन के आदेश पर इनेलो बसपा के साथ जुड़कर अपना नामांकन भरा है। उन्होंने कहा कि जितने भी एनआईटी विधानसभा के सर्वे थे उसमे मेरा नाम था। लेकिन भाजपा ने एनआईटी के लोगों का अपमान किया उनके साथ छल किया है इसका बदला जरूर जनता लेंगी। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों को रिकॉर्ड तोड़ एनआईटी की जनता हराने का काम करेंगी। 5 अक्टूबर को एनआइटी की जनता कई हजार वोटों से इनेलो बसपा की गठबंधन को जिताएगी। उन्होंने कहा कि किसी कैंडिडेट का बार-बार टिकट होल्ड कर देना यह पार्टी के लिए शोभा नहीं देता।

**पांच घंटे कराया इंतजार:**

बृहस्पतिवार को नामांकन का आखिरी दिन था। जिस कारण प्रत्याशियों की भीड़ लगी रही। निर्दलीयों से लेकर बीजेपी, कांग्रेस, इनेलो बसपा, आम आदमी पार्टी सहित अनेकों पार्टी के प्रत्याशियों ने नामाकंन भरा। लेकिन बल्लभगढ़ में जहां 15 से 30 मिनट में प्रत्याशियों ने नामांकन भरा, वहीं सेक्टर-12 में नामांकन के लिए आए प्रत्याशियों को घंटो लग गए। प्रत्याशियों के संग आए लोगों ने बताया कि काम स्लो कर रहे थे, जिसके कारण देरी हो गई। वहीं इनेलो बसपा की पार्टी से एनआईटी 86 से मैदान पर उतरे नागेन्द्र भड़ाना के नामाकंन में पांच घंटे का समय लगा। उनके संग नामांकन करवाने पहुंची इनेलो पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू ने बताया कि काम स्लो हो रहा था, जिसके कारण समय अधिक लग गया। इतना स्लो काम होने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# इस बार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा बडखल के दशहरा मैदान में दशहरा पर्व : विजय प्रताप सिंह



बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह नामांकन पत्र दाखिल करते हुए साथ है निर्वतमान पार्षद राकेश भड़ाना, वेणुका प्रताप खुल्लर व अन्य और विजय प्रताप ने समर्थकों से मांगा हाथ जोड़कर आशीर्वाद: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने बडखल तहसील में नामांकन भरा। इससे पूर्व मेट्रो गार्डन में उपस्थित जनता एवं अपने पिता पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का आशीर्वाद है कि चुनाव दशहरा पर्व से पहले आयोजित हो रहे हैं। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद फरीदाबाद का ऐतिहासिक पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने बडखल विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से हाथ जोडकर आशीर्वाद मांगता हुए कहा कि 10 वर्ष में भाजपा ने प्रदेश को कर्ज में डुबोया है। कांग्रेस की सरकार जब गई तो 70000 करोड़ का कर्ज था जो अब बढ़कर 5 लाख करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर फरीदाबाद को उसका खोया हुआ स्वरूप लौटाया जायेगा। शहर को प्रदेश में नंबर वन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा शहर सीवर, गड्ढों से भरा हुआ है। सरकार आने पर शहर को बनाएंगे गड्ढा मुक्त, कचरा मुक्त। लोगों को फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल और म्यूटेशन की लूट दिलाएंगे मुक्ति।

**10 साल में भाजपा ने किया शहर का बेड़ा गर्क**

**पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप से जीत का आशीर्वाद लेने के बाद भरा नामांकन**

विजय प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि 10 साल में फरीदाबाद का जो बेड़ा गर्क हुआ है, सडक, पानीए सीवर के लिए लोग तरस रहे हैं। कभी शहर की शान कहे जाने वाले रोज गार्डन में एक भी रोज नहीं है। भाजपा ने शहर को स्लम में तब्दील कर दिया है। गांव, शहर, कॉलोनी, सेक्टर सभी जगह सीवर बह रहा है। टोल को जजिया कर कहने वाली सरकार ने शहर को टोल सिटी बना दिया है। शहर में 6.6 टोल है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर इनमें से तीन टोल को हटाने का काम आपका भाई, आपका बेटा करेगा।

इसके अतिरिक्त सरकार बनने के बाद हरियाणा में होगा प्रवासी कल्याण बोर्ड का गठन। विजय प्रताप ने कहा कि एनआईटी टाउन ने अपनी मेहनत के बलबूते पर तरक्की करके शहर को एक पहचान दी है। कांग्रेस सरकार आने पर टाउन में बनाया जाएगा राज्य स्तरीय पंजाबी भवन। गुड़गांव तक मेट्रो ले जाने का काम भी कांग्रेसी करेंगी। बीजेपी की तरह लोगों को झूठे वादों में नहीं फंसाया जाएगा। गुडगांव के बाद अगला कदम मेट्रो पलवल तक पहूंचाने का काम भी कांग्रेस करेगी।

इसके अलावा बीपीएल कार्ड का दोबारा सर्वे कराया जाएगा और गरीबों को उनका उचित हक दिया जायेगा। कांग्रेस सरकार आने पर जो लोग जहां बैठे हैं उनको वहीं प्लॉट आवंटित होंगे। सभी सरकारी सुविधा टाउन के अंदर जो 99 साल की लीज थी उसका रिव्यू करेंगे, उनको मालिकाना हक देंगे। इसके बाद विजय प्रताप ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन भरा और क्षेत्र की जनता से जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने एमसीएमसी रूम का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान जनरल, एक्सपेंडिचर और पुलिस ऑब्जर्वर भी रहे मौजूद



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर जनरल ऑब्जर्वर डॉ. राघव लंगर, विभूति रंजन चौधरी, गीता सिंह और एक्सपेंडिचर आब्जर्वर विवेक कुमार उपाध्याय, समाथा मुल्लामुड़ी व पुलिस ऑब्जर्वर संदीप सिंह चौहान भी मौजूद रहे। उन्होंने कंट्रोल रूम के माध्यम से पेड न्यूज के निगरानी तंत्र के बारे में जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा पेड न्यूज की निगरानी व राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व राजनीतिक उद्देश्य को लेकर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी का जिला स्तर घर गठन किया है। फरीदाबाद की जिला स्तरीय कमेटी द्वारा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उम्मीदवारों द्वारा प्रकाशित व प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन का प्रमाणीकरण किया जाएगा। प्रिंट मीडिया में मतदान के दिन व एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापन इस कमेटी द्वारा प्रमाणित होने चाहिए। कोई भी उम्मीदवार या उनका प्रतिनिधि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्मेट में विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापनों को लेकर भारतीय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के साथ ही उम्मीदवार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एफएम, कम्युनिटी रेडियो व सिनेमा स्क्रीन आदि पर जो भी अपना विज्ञापन जारी करेगा वह इस कमेटी द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। भारतीय निर्वाचन आयोग ने विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर रखी है। साथ ही पेड न्यूज के संदर्भ में आने वाली शिकायतों का यह कमेटी निपटारा करेगी।

## होडल लघु सचिवालय उपमंडल कार्यालय विधान सभा चुनाव को लेकर 18नामांकन किए दाखिल

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

**होडल:** होडल विधान सभा चुनाव को लेकर 12 तारीख आखरी तारीख थी आज 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया गए जिसमें 18 नामांकन दाखिल हुए और उन्हें लघु सचिवालय स्थित उप मंडल कार्यालय में होडल विधान सभा के चुनाव का नामांकन करने वालों का बृहस्पतिवार को पूरा दिन तांता लगा रहा। नामांकन को लेकर लघु सचिवालय में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रही। नामांकन जमा कराने वाले के साथ केवल दो व्यक्तियों को ही कार्यालय में जाने की अनुमति दी गई। नामांकन के अंतिम दिन भाजपा के प्रत्याशी सहित कुल 18 महिला पुरुष प्रत्याशियों ने उप मंडल निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह के समक्ष अपने जमा कराए गए, जिनमें उदयभान ने कांग्रेस पार्टी,हरेंद्र ने भाजपा,सतबीर ने जजपा,सुनील कुमार ने इनेलो तथा आप पार्टी से मनोहर के अलावा डा. नवीन रोहिल्ला निर्दलीय , देवेश कुमार,कुलदीप कुमार,यशवीर,ऊषमा देवी,जगप्रिय,सुनीता देवी,अनिल कुमार,रजनी,राजपाल,प्रतीक रोहिल्ला,नीरज तथा धर्मेंद्र गौतम ने आजाद उम्मीदवार के रूप में अपने नामांकन जमा कराए। उप मंडल निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि 5 सितम्बर से 12 सितम्बर तक होडल विधान सभा से कुल 18 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल कराए हैं। नामांकन की प्रक्रिया 5 सितम्बर से शुरू हुई थी, जो 12 सितम्बर सांय 3 बजे समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि 13 सितम्बर को नामांकन पत्रों की समीक्ष कर उनकी छंटनी की जाएगी। 16 सितम्बर तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी की 16 सितम्बर तक कोन प्रत्यासी चुनावी मैदान में रहेगा कोन अपना नामांकन वापस लेगा

# इनेलो–बसपा गठबंधन प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन ने किया नामांकन, नूँह में उमड़ा जनसैलाब।

(अनिल मोहनियां नूंह)

बृहस्पतिवार को नूँह विधानसभा से इनेलो-बसपा गठबंधन प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन ने अपना नामांकन भरा।

नामांकन दाखिल करने से पूर्व अनाज मंडी, नूँह में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें इनेलो के वरिष्ठ नेता व डबवाली से इनेलो के प्रत्याशी चौधरी आदित्य चौटाला मुख्य अतिथि रहे। अनाज मंडी, नूँह में आदित्य चौटाला का कार्यकताओं ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। आदित्य चौटाला ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज नूँह विधानसभा की जनता और हजारों की संख्या में मौजुद युवाओं के जोश व उत्साह ने बता दिया है कि इस बार चौधरी ताहिर हुसैन रिकार्ड मतों से जीत करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है। आज नूँह की जनता ने भी साबित कर दिया है कि वो भी चौधरी देवीलाल परिवार से बहुत मौहब्बत करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली 5 अक्तूबर को विधानसभा में नूँह विधानसभा से पहली बार एक मेवात के युवाओं का विधायक बनने जा रहा है। इस जोश व उत्साह को आगामी 5 अक्तूबर तक कम नहीं होने देना है और बढाना है। उन्होंने कहा कि आप लोग ताहिर हुसैन को विधायक बनाओ और केबिनेट मंत्री बनाने का काम हम करेंगे। आदित्य चौटाला जोरदार स्वागत व अपार भीड़ को देखकर गदगद नजर आए। नामांकन सभा के बाद आदित्य चौटाला ने चौधरी ताहिर हुसैन का नामांकन दाखिल कराया। जैसे ही चौधरी ताहिर हुसैन अनाज मंडी नूँह पहुंचे तो कार्यकताओं व नूँह की जनता ने उन्हें कंधो पर बैठाकर खूब घुमाया। युवाओं में जोश व उत्साह इतना था कि पूरा नूँह शहर इनेलो-बसपा के गगनचुंबी नारों से गूँज उठा। चौधरी ताहिर हुसैन ने नूँह विधानसभा की हजारों की संख्या में मौजुद जनता व युवाओं को संबोधित करते हुए इस शानदार स्वागत व बेपनाह मोहब्बतों के लिए शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा



दी है। मुझे व मेरे परिवार को आप लोगों ने मरहूम चौधरी मोहू यासीन खाँ व मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन अपार प्यार व जनसमर्थन दिया है। ईशा अल्लाह चुनाव तो आप रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं, पर ये जोश हमें आगामी 5 अक्तूबर तक बरकरार रखना है। ताहिर हुसैन ने कहा कि आज अपने नामांकन को नूँह विधानसभा की जनता व युवाओं को समर्पित करते हैं। ये आप लोगों का चुनाव है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। मेरा हर कार्यकर्ता अपने आप में ताहिर हुसैन है। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर हम 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे किसी भी कार्यकर्ता को मायुस होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा आप लोगों की परछाई बनकर आप लोगों के साथ खड़ा हूँ। आप लोगों का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। आप लोगों का जहाँ पसीना बहेगा, वहाँ पर आपका यह भाई और बेटा खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूँद का कर्ज चुकाऊँगा। ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रहो है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्वः चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है। इस अवसर पर उनके चाचा चौधरी फजल हुसैन ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे परिवार ने हमेशा 36 बिरादरी के लोगों के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ी है। हमारे परिवार ने कभी थाने-तहसील की दलाली नहीं की। हमारे लिए राजनीति समाजसेवा है ना कि कोई व्यवसाय। हर कार्यकर्ता और 36 बिरादरी के मान-सम्मान के लिए हम हमेशा तत्पर हैं। आज अपने भतीजे चौधरी ताहिर हुसैन को आप लोगों को सौंप रहा हूँ। ये आपके मान-सम्मान के लिए हमेशा आप लोगों के साथ रहेगा। *कौन हैं ताहिर हुसैनः-* इनेलो-बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन तीन राज्यों में मंत्री रहे व पूर्व सांसद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के सुपौत्र हैं तथा पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन के इकलौते साहबजादे हैं। चौधरी ताहिर हुसैन में अपने दादा मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की झलक दिखाई देती है। वो बहुत ही मिलनसार और सरल स्वभाव के हैं, तभी तो युवाओं में उनके प्रति खासा जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर नसीमा हुसैन एडवोकेट, चौधरी फजल हुसैन की धर्मपत्नी मुमताज, उनका सुपुत्र तारिक हुसैन, इनेलो नेता सोहराब खान खेड़ी, इब्राहीम पहलवान, इनेलो नेता चौधरी तलहा एडवोकेट, चौधरी आबिद हुसैन, सरदार जसबीर सिंह मलिक, हरीश शर्मा बॉबी, सुंदर चेयरमैन आलदूका, संतलाल सरपंच, वेदपाल गांगोली, भानू शर्मा हसनपुर, शिवराम हसनपुर, सुधीर दहिया, गगन मलिक, हरीश मलिक, राजू सरपंच छछेड़ा, आबिद सतपुतियाका, सरोज, बानो, संजय गर्ग बिछु, वकील सरपंच, युनुस कैराका, अल्ली प्रधान, याकूब पूर्व सरपंच मेवली, सद्दाम खान पूर्व चेयरमैन, जकरिया सरपंच देवला नंगली, सहाबू पहलवान अड़बर, खानू, हाजी अब्दुल्ला सरपंच नंगली, इसराईल रेहना, समय चंद पार्षद, हाजी आसम, मुबीन खान पूर्व सरपंच रोजकामेव, मुबीन बड़का, राजीव यादव एडवोकेट, आसू पहलवान घासेड़ा, जाकिर भड़ंगाका, निसार पहलवान, जमील सरपंच खेड़ला, उम्मर सरपंच मालब, स्वालिन सरपंच भपावली, आसिफ हनीफ फिरोजपुर नमक, जुनैद रेवासन, इसलाम सरपंच, अकरम कटारिया, हाजी शौकत, वाजिद निजामपुर, इमरान सरपंच, वारिस बासित सालाहेड़ी, वाहिद सालाहेड़ी, वहीद सालाहेड़ी, अहमद खेड़ला, मुसताक एडवोकेट कैराका, हमीद गोलपुरी, नसरू सरपंच कोंतलाका, अली सूड़ाका, नासिर हुसैन रिठोड़ा, नईम सरपंच सतपुतियाका, शमीम प्रधान घासेड़ा, आबिद पूर्व सरपंच सलंबा, असगर हुसैन चंदेनी, वसीम सरपंच चंदेनी, इस्सू देवला, शौकत सरपंच, लखपत रेवासन, फत्ती रेवासन, जाकिर छपड़ा, इसराईल बड़ेलाकी, माल्ही टपकन, जानू टपकन, शाकिर पूर्व सरपंच टपकन, तौफीक टपकन, जयपाल सिंह कुर्थला, श्रीचंद सरपंच, मौहम्मद खाँ सरपंच, अमर सिंह सरपंच छपेड़ा, सूबेदार के अलावा हजारों प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## खेल एवं वन पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने नूंह विधानसभा से किया नमांकन



(अनिल मोहनियां नूंह)

बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव में अपना दमखम आजमाने के लिए नूंह जिले की तीनों विधानसभाओं में प्रत्याशियों ने रोड़ शो, रैली और जनसभाएं आयोजित कर अपना नामांकन पत्र दाखिल कराया। इस दौरान नूंह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी खेल एवं वन मंत्री संजय सिंह ने अपना पर्चा भरा। भाजपा ने खेल एवं वन मंत्री संजय सिंह को इस बार सोहना तावडू विधानसभा से टिकट काटकर नूंह विधानसभा से चुनावी मैदान में उतारा है और यहां से पिछला चुनाव भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर लड़े पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन का टिकट काट दिया है। इस मौके पर नूंह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कंवर संजय सिंह ने कहा कि मैं भाजपा का सिपाही हूं। भाजपा बड़ी सोच समझकर जिम्मेदारी देती है। इससे पहले भी मैंने नूंह विधानसभा से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा है। मैं बीजेपी पार्टी का नूंह से टिकट देने पर धन्यवाद करता हूं। मैं मेवातियों को शुभकामना देता हूं और उनसे सहयोग की अपील करता हूं। मेवात मेरी जन्म भूमि, कर्म भूमि है। बचपन से लेकर पढ़ाई से लेकर भाईचारे के लिए काम किया है। 2014 - 2024 तक भाजपा ने विकास की रफ्तार में नूंह जिला को आगे बढ़ाया है अब तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। निश्चित तौर पर आने वाले चुनावों में भाजपा की जीत होगी। उन्होंने बताया कि नूंह उनका घर है इसलिए पार्टी ने एक बार फिर से यहां पर चुनाव लडड़े के लिए उनको भेजकर विश्वास जताया है। वह पार्टी की नीतियों को जनता के बीच लेकर जाएंगे और जीत हासिल करेंगे।

## आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी राबिया किदवई ने नूंह विधानसभा क्षेत्र से किया नामांकन



(अनिल मोहनियां नूंह)

आम आदमी पार्टी कि प्रत्याशी राबिया किदवई

राबिया किदवई ने नूंह विधानसभा क्षेत्र से नामांकन किया। राबिया ने कहा कि इस बार हरियाणा में आम आदमी पार्टी केजरीवाल की पांच गारंटियों पर चुनाव लड़ रही है। ये हम सभी हमारी माताओं बहनों, भाईयों और बुजुर्गों की जिम्मेदारी है कि 5 अक्टूबर को झाड़ू के निशान पर वोट दे। राजनीति की गंदगी को साफ करने के लिए झाड़ू जरूरी है। भाजपा के सत्ता का घमंड झाड़ू से दूर करने का वक्त आ गया है।

उन्होंने कहा इस बार ये झाड़ू के निशान को याद रखना है। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की सरकार में पांचों गारंटियों पर काम होगा। हरियाणा में अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाने, फ्री शिक्षा, फ्री ईलाज, महिलाओं के लिए हर महीने एक हजार रुपये की सम्मान राशि और बेरोजगारों को सौ फीसदी रोजगार देने का काम करेंगे।

आम आदमी पार्टी की पांच गारंटियों को इस बार एक मौका दें और झाड़ू का बटन दबाने का काम करें। पिछले दस साल में बीजेपी ने महंगाई के नाम पर धोखा, बेरोजगारी के नाम पर धोखा, अग्निवीर के नाम पर नौजवानों के साथ धोखा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा को पीछे ले जाने का काम किया। दस साल के अंदर हरियाणा को बर्बाद करने का काम बीजेपी ने किया। इस बार बीजेपी के अहंकार को मिटाना है, भारतीय जनता पार्टी को हराना है। इस बार बीजेपी की एक भी सीट नहीं आना चाहिए। बीजेपी का सूपड़ा साफ होना चाहिए।

## विधानसभा होडल से इनैलो प्रत्याशी सुनील कुमार ने हजारों समर्थकों सहित दर्ज कराया नामांकन

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

**होडल,** गुरुवार को नामांकन के आखिरी दिन ढोल नगाड़ों, गाजे बाजे और हजारों समर्थकों के साथ विधानसभा होडल से इनैलो उम्मीदवार के रूप में सुनील कुमार मंडोत ने अपना नामांकन दर्ज कराया। गुरुवार को सुनील कुमार अपना नामांकन भरने के लिए अपने हजारों समर्थकों के साथ सैकड़ो वाहनों के काफिले को लेकर अपने कार्यालय से होते पुन्हाना मोड़ स्थित लघु सचिवालय पर पहुंचे। लघु सचिवालय में पहुंचने के बाद सुनील कुमार ने चुनाव अधिकारी रणवीर सिंह के समक्ष होडल विधानसभा से अपना नामांकन दर्ज किया।



गुरुवार को होडल विधानसभा से इनैलो उम्मीदवार के रूप में होडल से अपना नामांकन दर्ज कराया। नामांकन दर्ज करने के बाद सुनील कुमार ने कहा कि अगर अबकी बार होडल विधानसभा की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और होडल के दोनो विधायकों का कार्यकाल देख उनसे दुखी हो चुकी है। अगर जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया तो वह जनता की सभी मांगों पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई सालों से क्षेत्र में कार्य कर रहें है और जनता की सेवा में उन्होंने अब तक कोई कसर नहीं छोड़ी है। विधानसभा में अब तक रहे विधायकों ने क्षेत्र में एक भी ऐसा विकास के नाम पर काम नहीं किया जो कि जनता उन्हें अपना प्रतिनिधि समझें। सुनील ने कहा कि अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें होडल विधानसभा से जिताकर विधानसभा में भेजा तो वह क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने होडल की जनता से अपील करते हुए कहा की वह उन्हें अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाए। उन्होंने कहा कि होडल के पूर्व दोनो विधायक सिर्फ होडल की भोली भाली जनता को मूर्ख बनाते हुए आए है उन्होंने कहा कि अगर होडल की जनता का उनको आशीर्वाद मिला तो वह होडल में साफ सफाई , युवा रोजगार, पीने के पानी और सड़कों की जो भी समस्या से जल्द निजात दिलाएंगे ।

## जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी वीरेंद्र गांगोली ने नूंह विधानसभा क्षेत्र किया नमांकन

(अनिल मोहनियां नूंह)



विधानसभा चुनावों के नामांकन के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को नूंह जिला सचिवालय में नामांकन करने वाले प्रत्याशियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान भाजपा, आम आदमी पार्टी, निर्दलीय के साथ नूंह विधानसभा से जजपा के वीरेंद्र गांगोली ने अपना नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद रहे। नामांकन के बाद जजपा प्रत्याशी विरेंद गांगोली ने जजपा नेता व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के अलावा नूंह जजपा के जिला अध्यक्ष नासिर हुसैन अडबरिया का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के उनके ऊपर जो विश्वास जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी जीत निश्चित तौर पर होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को वह जन जन तक लेकर जाएंगे। आने वाले समय में जजपा नेता पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी नूंह में आएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नूंह विधानसभा में बड़ा बदलाव होगा। बता दें कि वीरेंद गांगोली नूंह जिला के इंडरी खंड के गांव गांगोली निवासी है जोकि पूर्व में गुडगांव जिला के जिला प्रमुख भी रह चुके हैं। उनका नूंह विधानसभा में अपना जनाधार है। पहली बार वह विधानसभा चुनावों के मैदान में उतरे हैं। अब देखना होगा कि वह चुनावों में किस तरह का प्रदर्शन करेंगे।

## फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से पूर्व एमएलए नसीम अहमद ने किया नामांकन ,पूर्व मंत्री विपुल गोयल रहे मौजूद

(अनिल मोहनियां नूंह)

बृहस्तपतिवार को भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक नसीम अहमद ने अपना नामांकन किया। इस दौरान उनके नामांकन में भारी जन सैलाब उमड़ा। नामांकन के दौरान भाजपा नेता ने अपनी ताकत का एहसास कराया। इस दौरान उनके नामांकन में पूर्वमंत्री विपुगल गोयल ने भाग लिया। पूर्वमंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से विकास के लिए कार्य किया है। नूंह जिला के विकास के लिए नसीम अहमद को जिताना जरूरी है। आज जनता ने सभी पार्टियों को देख लिया है। इसलिए उनके पास सिर्फ भाजपा ही एक विकल्प है। बीते दिनों नूंह जिला में विकास के बड़े बड़े कार्य किए गए है। आने वाले समय में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जिससे यहां पर फिर विकास कार्य



को बढ़ावा दिया जाएगा। नामांकन के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए फिरोजपुर झिरका भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने कहा कि नूंह जिला की जनता ने कांग्रेस व इनेलो सभी को देख लिया है। सही मायने में नूंह का विकास भाजपा की करा सकती है। पूर्व में यहां पर किसी पार्टी ने कोई विकास कार्य नहीं किया। बल्कि बीते दस वर्षों के कार्यकाल में भाजपा ने प्रदेश के साथ मेवात जिला के विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने शिक्षा के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। फिरोजपुर झिरका में बेटियों के कॉलेज के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कार्य किया। फिरोजपुर झिरका विधानसभा में भाजपा ने 232 करोड़ की लागत रैनीवेल परियोजना की सौगात दी है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे ने यहां पर विकास के सभी रास्तों को खोला है।

इससे आने वाले समय में और अधिक तेजी से नूंह का विकास होगा। उन्होंने कहा कि आज जनता जानती है कि उनके बच्चों को सरकारी नौकरी फ्री में दी गई है। थानों, तहसीलों से दलालों को खत्म किया है। इस बार निश्चित तौर पर फिरोजपुर झिरका विधानसभा से कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की वह आने वाली 5 अक्टूबर को उनको वोट देकर विजय बनाएं। जिससे क्षेत्र का विकास और तेज गति से किया जा सके।

## आफताब को टपकन गांव में समर्थन, दर्जनों बीजेपी इनेलो छोड़ कांग्रेस में शामिल

(अनिल मोहनियां नूंह)

बृहस्पतिवार को नूंह विधानसभा के पहाड़ से लगते हुए गांवों ने कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने सौंख गांव से लेकर टपकन गांव तक सैंकड़ों मोटरसाइकिल व कारों से निवर्तमान विधायक आफताब अहमद का स्वागत किया। जगह जगह युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। दर्जनों प्रमुख लोगों जिसमें मौजूदा व पूर्व सरपंच भी शामिल थे उन्होंने इनेलो, भाजपा आदि छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दिया। इन्होंने बीजेपी, इनेलो आदि छोड़कर दिया कांग्रेस को समर्थन,:



मोहसिन खान मौजूदा सरपंच, तालीम ठेकेदार, उम्मर सरपंच, एजाज, रहमत सरपंच, उसमान नोसेरया, हाजी इमरान चीकू, हाजी जाकिर, उसमान, वसीम, अकबर, मुबीन, रजाक, हाजी मैनुद्दीन, कमरुद्दीन, जसमाल सहित दर्जनों ने परिवार सहित कांग्रेस को समर्थन दिया। विभिन्न दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि बीते दस सालों से बीजेपी की प्रदेश में सरकार है, नूंह जिले की घोर अनदेखी हुई है। कोरोना, नूंह हिंसा, पुलिस की गैर कानूनी कारवाई जैसे कई मामलों में सरकार और सरकार में बैठे स्थानीय बीजेपी नेता जनता से दूर खड़े दिखाई दिए। नाजायज तरीके से बच्चों को जेल में ठूंसा गया, जबकि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ते गए। उन्होंने नूंह की शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं को बीजेपी द्वारा ठप करने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, बहुतकनिकी संस्थान, आईटीआई, जेबीटी संस्थान, नर्सिंग संस्थान, मानू संस्थान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आरोही मॉडल स्कूल, राजीव गांधी रेनीवेल परियोजना, बादली परियोजना, नूरपुर परियोजना, बस अड्डे, महिला कॉलेज सालाहेडी, यूनानी मेडिकल कॉलेज, कोटला झील, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए जैसी कई परियोजनाएं जनता को मिली। अब फिर कांग्रेस सरकार बनने पर विकास की रफ्तार को तेज करने का काम किया जाएगा। आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार बनने के बाद सालाहेडी केंद्रीय विद्यालय, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल छपेडा, एमडीयू रीजनल सेंटर, नूंह से अलवर बॉर्डर मार्ग कोटला झील विस्तारीकरण, यूनानी मेडिकल कॉलेज जैसे कामों को दस सालों तक लटका रखा है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि जो बीते पांच सालों से सरकार में सत्ता सुख भोग रहे हैं आज वो बीजेपी से हाथ मिलकर आपके वोट की ठगी करने का प्रयास करेंगे और भेष बदल कर इनेलो के रूप में आपके पास आएंगे ऐसे लोगों को वोट की चोट से सबक सिखाने का सही मौका है और ये भी बताने का अवसर है कि जब इलाके को उनकी जरुरत थी तो वो कभी साथ नहीं थे। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर इन गांवों का विशेष रूप से विकास किया जाएगा, यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मूल भूत सुविधाओं के क्षेत्र में काम किया जाएगा। इसबर मौका है प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है अपने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए इस बार कांग्रेस सरकार में हिस्सेदारी जरूरी है

## होडल केनरा बैंक मै पैसे जमा करने गए युवक के बैग से दो महिलाओं ने उड़ाए पैसे मामला दर्ज

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल केनरा बैंक की शाखा में पैसे जमा करने गए एक व्यक्ति के बैग के पास में बैठी दो महिलाओं ने एक लाख दस हजार रुपए निकाल लिए और मौके से फरार हो गई। होडल थाना पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात दो महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर महिलाओं की पहचान कराई जा रही है होडल की कृष्णा कॉलोनी निवासी हितेष ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह 11 सितंबर को दोपहर के समय हसनपुर रोड़ स्थित केनरा बैंक में पांच लाख रुपए जमा कराने के लिए गया था। जब वह बैंक के अंदर पहुंचा तो बैंक के अंदर कुर्सियों पर दो अंजान महिलाएं बैठी हुई थी। उसने कुर्सी पर थला रख दिया और पैसे जमा कराने की पर्ची भरने लगा। इसी दौरान उक्त दो महिलाओं ने उसे चकमा देकर उसके बैग को साइड से काटकर बैग में रखे पांच लाख रुपयों में से एक लाख दस हजार रुपए निकाल लिए। पैसे निकालने के बाद महिला वहां से गायब हो गई। उस दौरान बैंक के अंदर कोई गार्ड भी मौजूद नहीं था। वह जब जमा कराने के लिए पैसों को गिनने लगा तो उसे पता चला की पैसे गायब है, उसने बैग में अच्छी तरह हाथ डालकर देखा तो बैग साइड से कटा हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया है कि उक्त महिलाओं ने ही उसके बैग को काटकर उसके पैसे चोरी किए है। होडल थाना प्रभारी दिनेश कुमार बताया कि हितेष की शिकायत पर अज्ञात दोनों महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। महिलाओं की पहचान के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# तिगांव क्षेत्र की जनता स्वयं को ललित नागर मानकर लड़ेगी मेरा चुनाव : ललित नागर

### कांग्रेस द्वारा टिकट काटे जाने पर पंचायत में फूट-फूट कर रोये पूर्व विधायक

### पूर्व विधायक ललित नागर ने तिगांव क्षेत्र से भरा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पिछले 20 सालों से कांग्रेस के कर्मठ सिपाही के तौर पर पार्टी की सेवा में समर्पित पूर्व विधायक ललित नागर का तिगांव विधानसभा क्षेत्र से टिकट काटे जाने पर क्षेत्र के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। गुरुवार को खेड़ी रोड स्थित रंगोली गार्डन में समूचे तिगांव क्षेत्र के कोने-कोने से पंच-सरपंचों व मौजिज लोगों ने एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया और कांग्रेस पार्टी के इस निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा की। पंचायत में सभी वक्ताओं ने कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठाए और कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का खुलकर विरोध किया। पंचायत में माहौल उस समय भाव-विभोर हो गया, जब पूर्व विधायक ललित नागर समर्थकों के बीच फूट-फूट कर रोने लगे, उन्होंने कहा कि मेरा क्या कसूर था, जो पार्टी ने मेरे साथ इतनी बड़ी नाइंसाफी की है। उन्होंने कहा कि जब वह नौजवान थे, तब उन्होंने कांग्रेस पार्टी से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी, किसी और राजनैतिक पार्टी की ओर उन्होंने देखा तक नहीं बल्कि सदैव विपक्ष में रहकर लोगों की हक-हकूक की आवाज उठाई और पार्टी का झंडा बुलंद रखा। अब जब मैंने बुढ़ापे के अंदर कदम रखा है और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आ रही थी तो ऐसे वक्त में मेरा टिकट काट दिया गया। उन्होंने कहा कि पिछले बीस सालों से वह झंडे, होर्डिंगों के माध्यम से पार्टी का प्रचार प्रसार करने में जुटे रहे, पोस्टर लगी दर्जनों गाड़ियां कई माह से क्षेत्र में प्रचार प्रसार में जुटी है, मैंने तिगांव क्षेत्र के हर घर दस्तक दी, लोगों की समस्याएं जानी इसलिए कि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी और मैं जनता का प्रतिनिधि बनकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाऊंगा, लेकिन मेरे सभी अरमानों पर पार्टी ने पानी फेर दिया। श्री नागर ने कहा कि अगर टिकट मेरे से किसी मजबूत उम्मीदवार को दी जाती तो मैं कतई विरोध नहीं करता, लेकिन टिकट वितरण में पैसों का खेल हुआ है और ऐसे उम्मीदवार को टिकट दी गई है, जिसके नाम, गांव और शहर को भी लोग नहीं जानते। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेरी राजनीतिक हत्या करने का प्रयास किया गया है, ये सच है आज मैं इतना टूट चुका है कि चुनाव नही लड़ पाऊंगा, चुनाव लड़ोगे आप, मैं आपका चेहरा बन सकता हूं, लेकिन चुनाव आपको लड़ना पड़ेगा। आज मेरे टांग टूटी पड़ी है, आपको मेरी टांग बनना पड़ेगा, मेरा साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि 1977 के बाद ऐसा मौका आ रहा था, जब हमारी सरकार आ रही थी और ललित नागर चुनाव जीत रहा था और सरकार में मंत्री भी बनता, लेकिन मेरे शत्रुओं ने मेरी पीठ पर छुरा घोंपा है। यह चौरासीपाल की पीठ पर छुरा घोंपा है, तिगांव क्षेत्र के साथ-साथ चौरासीपाल के विकास को रोका गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत में मौजूद क्षेत्र की जनता जो आदेश उन्हें देगी, वह उसका अनुसरण करेंगे, पंचायत अगर कहेगी कि बीस साल मेहनत करने के बाद ललित नागर घर बैठ जाओ, तो मैं चुपचाप घर बैठ जाऊंगा। इस दौरान पंचायत में मौजूद हजारों की संख्या में सभी मौजिज लोगों ने एक स्वर में कहा कि ललित नागर तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है। पंचायत ने सर्व सम्मति से ललित नागर को पंचायती उम्मीदवार बनाते हुए चुनावी रण में उतरने का आह्वान किया। लोगों ने कहा कि तिगांव क्षेत्र की जनता ही आपकी टिकट है और इससे बड़ी कोई टिकट नहीं होती, आप चुनाव लड़ो, जनता आपके कंधे से कंधा मिलाकर हर तरह से आपका समर्थन करेगी। श्री नागर ने यह भी कहा कि मैं आपकी बात को कभी गिरने नहीं दूंगा और अगर आपने मुझे यहां से जिताकर भेजा तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं चाहे सरकार किसी की भी बने, उस सरकार में शामिल होकर तिगांव क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोडूंगा। इसके उपरांत पंचायत के निर्णय का मान सम्मान करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने हवन-यज्ञ करके अपने समर्थकों के साथ सेक्टर-12 लघु सचिवालय स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि तिगांव क्षेत्र की समूची जनता स्वयं को ललित नागर मानकर चुनाव लड़ेगी और उन्हें भरोसा है कि जो ज्यादती पार्टी ने उनके साथ की है, जनता उसका करारा जवाब देगी।

# पृथला में कांग्रेस की बड़ी जीत खोलेगी विकास और रोजगार के द्वारः उदयभान

### पृथला में कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया के चुनावी कार्यालय उदघाटन सभा में जुटी हजारों की भीड़



समाचार गेट/कविता

**पृथला।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने बृहस्पतिवार को सीकरी स्थित कार्यालय पर अपार भीड़ जुटाकर पृथला क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की विजयी हुंकार भरी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सभा में मौजूद क्षेत्र के सभी 104 गावों के हजारों की संख्या में लोगों ने एकमत से रघुबीर तेवतिया को अपना खुला समर्थन देकर चुनावी प्रचार के पहले ही दिन उन्हें बडी राजनीतिक ताकत प्रदान की। इस अवसर पर क्षेत्र की 36 बिरादरी के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को पगड़ी बांधकर अपने समर्थन का ऐलान कर कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया की बडी जके प्रति आश्वस्त भी किया। वहीं इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के पक्ष में जमकर जयघोष भी किया। वहीं इस मौके पर उन्होंने हवन-यज्ञ का आयोजन कर पूरी विधि-विधान से पृथला क्षेत्र के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ भी किया।

उपस्थित विशाल जनसैलाब से गदगद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि इस बार लोगों में जो जोश और उत्साह बना हुआ है उससे साफ है कि इस बार पृथला में होने वाली कांग्रेस की जीत जहां हरियाणा प्रदेश में जीत का नया इतिहास लिखेगी वहीं यह जीत पृथला क्षेत्र के विकास व रोजगार के द्वार भी खोलने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समूचे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही हैं और निश्चित तौर पर पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश का विकास नहीं हुआ। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के प्रचार व प्रसार में जुट जाएं और कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया को बड़ी जीत दिलाने का कार्य करें।

पृथला क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों को लेकर लोगों के बीच में जाएगें और पार्टी के मेनिफेस्टो को लोगों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में समूचा क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है। सडक गडडों में तब्दील हो गई हैं वहीं चारों और भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के काम नहीं होता। वहीं महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। किसान,कमेरा वर्ग,कर्मचारियों को हक नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने व्यापारियों को बर्बाद करने का काम किया है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस की सरकार आने पर पृथला क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

# फज्जूपुर नीमका और मिजार्पुर में राजेश नागर को खुला समर्थन



### तिगांव विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर ने कहा तीसरी बार हरियाणा में बनने जा रही भाजपा सरकार

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर का गांव फज्जूपुर नीमका और मिर्जापुर बैरागी चौपाल पर जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर नागर ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का विकास करने के लिए डबल इंजन की सरकार बहुत जरूरी है।

राजेश नागर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो इंडि ठगबंधन बना था वह तीन महीने भी नहीं चल सका और सभी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पता चलता है कि भाजपा आज पूरे देश प्रदेश में जनता की पहली पसंद है। जबकि इन दलों के दलदल को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। राजेश नागर ने कहा कि आप लोग तीसरी बार भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल का बटन दबाएं और मोदी की नायब सरकार बनाएं।

राजेश नागर ने कहा कि आप लोगों ने कभी मेरे लिए अपने समर्थन में कमी नहीं आने दी है। पहले भी आपने हरियाणा में सर्वाधिक मतों के साथ मुझे जिताया था। इस बार अपने बेटे भाई को सर्वाधिक वोटों के अंतर से भी जिता दो। आप लोग ऐसा कर विकास को चुनने का काम करेंगे और मैं पहले से भी ज्यादा शक्ति के साथ आपकी सेवा करूंगा। इस अवसर पर भाजपा तिगांव मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, खेडी मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, संतराज चंदीला, मिजार्पुर पूर्व सरपंच महिपाल आर्य, भोलू प्रधान, अजब चंदीला, अजयवीर नागर सरपंच लैहडोला, रेशम सरदार, सुरेंद्र बिधूडी, सूबेदार ओमप्रकाश, ऊधम सिंह आर्य, अजीत यादव, दिनेश यादव, कर्मचंद, धर्मपाल बैरागी, राकेश यादव, मिठाई लाल चंदीला, पूर्व सरपंच चांदपुर मुकेश, बीडीसी प्रवीन कुमार, जयकिशन वर्मा, पूर्व बीडीसी नन्दू चंदीला, नरेंद्र खटाना, बेगराज चंदीला, अरविंद चंदीला, चन्ना यादव, अमर चंदीला, दीपक पोसवाल, सतीश अधाना, बीडीसी जयभगवान, गजेंद्र अधाना, जुगल ढींगरा, चौधरी कर्ण सिंह, चौधरी कृष्ण, कर्मचंद, बाबू, धर्मबीर, डॉ आर एस नागर, बाबा श्यामलाल, बाबा रामबीर, रामपाल, चंद्रपाल, विक्रम मैंबर, बिजेंद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फरीदाबाद का समुचित विकास करवाना ही मेरी प्राथमिकता में शुमार : लखन सिंगला

### कांग्रेस प्रत्याशी ने विशाल आशीर्वाद यात्रा निकालकर भरा नामांकन पत्र



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व श्री सिंगला ने ओल्ड फरीदाबाद के ऐतिहासिक माता पथवारी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और वहां से आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा में बैंड-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। यह यात्रा ओल्ड फरीदाबाद के बाजारों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह व्यापारियों, दुकानदारों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने लखन सिंगला का स्वागत किया और उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। सेक्टर-16 में यह यात्रा सम्पन्न हुई, उसके बाद श्री सिंगला अपने समर्थकों सहित सेक्टर-12 लघु सचिवालय के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है और कांग्रेस 70 से 75 सीटें जीतेगी और चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री सिंगला ने भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब वह 2014 से 2019 तक फरीदाबाद से विधायक और मंत्री थे, तब उन्होंने पूरे शहर को खुदवा कर रख दिया था, विकास करवाने के बजाए झंडे लगाए, दौड़ लगवाई, कंबल बांटे लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं किया, उद्योगमंत्री होने के बावजूद वह औद्योगिक नगरी फरीदाबाद शहर में कोई मदर यूनिट तक नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि संविधान के गद्दारों और किसानों के हत्यारों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और भाजपा संविधान की गद्दार है और किसानों की हत्यारी है, पांच अक्टूबर को आएगी, भाजपा जाएगी और कांग्रेस सरकार आएगी। लखन सिंगला ने कहा कि विधायक बनने पर उनकी प्राथमिकता फरीदाबाद क्षेत्र के समुचित विकास की रहेगी, समाज की छत्तीस बिरादरियों को साथ लेकर सही मायनों में स्मार्ट फरीदाबाद बनाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि फरीदाबाद लोकसभा की सभी नौ की नौ सीटें कांग्रेस जीतेगी और नया कीर्तिमान रचने का काम करेगी।

# विपुल गोयल ने किया अपनी विधानसभा का तूफानी दौरा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद 89 विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने अपने विधानसभा का तूफानी दौरा करते हुए कहा की फरीदाबाद में जो उनके कार्यकाल के दौरान विकास के कार्य अधूरे रह गए थे, और निवर्तमान विधायक द्वारा जो कार्य नहीं किए गए उन कार्यों को भी वह प्राथमिकता के आधार पर लेंगे। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पूर्व मंत्री आज सेक्टर 9- 10 के डिवाइडिंग रोड में आयोजित एक कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नोएडा के सांसद महेश शर्मा ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वोट मांगने जब घर-घर जाए तो सभी से अपील करें कि सपरिवार ही वोट डालने जाएं।

इस अवसर पर भाजपा सीही मंडल के जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, फहअ कंनफरडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट एन के गर्ग, मंडल अध्यक्ष नीरज मित्तल, महामंत्री महेश कुमार, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी प्रकाश वीर नागर, संयोजक विधानसभा अजीत नंबरदार, फ.ह.अ के अरुण चौहान इसके अलावा प्रभा सोलंकी महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष, नीलम चौधरी कार्यकारी सदस्य, नीलम तेवतिया जिला उपाध्यक्ष सहित रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी धार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता और फरीदाबाद के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नन्हे बच्चों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित सार्वजनिक श्री गणेश उत्सव गाँधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में छह से 16 सितम्बर तक बड़े धुम धाम से मनाया जा रहा है। मंडल द्वारा 11 सितम्बर दोपहर 4 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले बच्चो को राम मंदिर,गणेश जी एवं प्राकृतिक दृश्य का विषय दिया गया गया था. चित्रकला में कुल 22 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक चित्रकला का प्रदर्शन किया. परन्तु अंत में प्रतियोगिता के जज रहे संजय पुणेकर एवं जाह्नवी भाटिया ने बच्चों के वर्ग में पहला पुरस्कार गजल को दिया, दूसरा पुरस्कार दृष्टि गर्ग को एवं तीसरा पुरस्कार सिया को दिया वही 13-16 वर्ग में पहला पुरस्कार जय को दूसरा पुरस्कार सृष्टि व तीसरा पुरस्कार रतन को दिया। रात्रै 8 बजे से बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया था जिसमे कुल 25 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने तरह तरह के देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक गीत पर बहुत ही मनभावन नृत्य कला का प्रदर्शन किया एवं सभी से खूब तालियां बटोरी. कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चो को प्रमाण पत्र भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में मंडल के राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि, विनय, प्रवीन राठोड, रवि पांचाल, यशवंत पांचाल, रविकांत गोसावी, संतराम, कर्ण शर्मा, सचिन, श्रेयस पांचाल एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# ओपी वर्मा ने नामांकन भरा

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा से आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट ने अपना नामांकन भरा। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ओपी वर्मा ने कहा कि दिल्ली और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार है। जब दिल्ली की हवा चंडीगढ़ में जाकर के सरकार आम आदमी पार्टी की बन सकती है तो हरियाणा तो चंडीगढ़ का लगता हुआ राज्य है।

हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार क्यों नहीं बन सकती। आम आदमी पार्टी ने मुझे बड़खल विधानसभा से टिकट दिया है। उनके भरोसे पर खड़ा उतरूंगा और पार्टी को आगे बढ़ने का काम करूंगा। बड़खक की क्षेत्र की जनता के बीच में जाकर उन्हें बताएंगे कि कांग्रेस और भाजपा ने किस तरह से लोगों को अंधकार में रखा। आज क्षेत्र की जनता टूटी हुई सड़के, गलियों में सीवर का पानी जमा होना, स्मार्ट सिटी के नाम पर जगह-जगह गड्ढे इस सरकार ने दिया है। विधायक बनते ही सबसे पहले इस क्षेत्र की जनता को इन सब से छुटकारा दिलवाऊंगा। इस बड़खल में पंजाबी समुदाय की संख्या बहुत ज्यादा है लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने इनके साथ भी छल किया है। मैं बहुत ही खुशनसीब हूं कि मैं पंजाबी समुदाय से हूं। अब पंजाबी समुदाय के लोग मेरे साथ खड़े हैं। मेरे साथ 36 बिरादरी खड़ी है। बड़खल क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है जनता भी हमारे साथ है।



# संपादकीय

## मदरसों की मान्यता पर सवाल

उत्तर प्रदेश में मदरसों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। एक तरफ सरकार ने मदरसों की शिक्षा को लेकर नियमों में कड़ाई की है। धार्मिक शिक्षा देने वाले संस्थानों को एक सिलेबस के दायरे में लाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, मदरसा संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों से लेकर पढ़ाने वाले मौलवी तक पर नजर है। हर मदरसा को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेना अनिवार्य किया गया है। बिना मान्यता वाले मदरसों पर कार्रवाई की तैयारी है। इन स्थितियों ने मदरसा संचालकों को अगल रास्ता अख्तियार करने को मजबूर कर दिया है। प्रदेश के 513 मदरसों ने जिस प्रकार से मान्यता को सरेंडर करने का निर्णय लिया है और बोर्ड की ओर से इसको मंजूरी दी गई है, वह स्थिति को साफ कर रहा है।

513 मदरसों की ओर से बोर्ड को पत्र भेजकर मान्यता सरेंडर करने के लिए अनुरोध किया गया है। यूपी मदरसा बोर्ड की ओर से भी जारी बयान इसकी तस्दीक करते हैं। बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस प्रस्ताव को बैठक में अनुमोदित करके आगे की कार्यवाही के लिए परिषद के रजिस्ट्रार को अधिकृत कर दिया गया है। परिषद के सदस्य कमर अली बताते हैं कि प्रदेश के 513 मदरसों ने परिषद से खुद को मिली मान्यता सरेंडर करने की अर्जी दी थी, जिस पर आज हुई बैठक में फैसला लिया गया। इस संबंध में बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद का कहना है कि 513 मदरसों ने खुद मान्यता सरेंडर करने का पत्र लिखा है।

बोर्ड अध्यक्ष का कहना है कि दूसरे बोर्डों से मान्यता लेकर मदरसे को स्कूल के रूप में खोलना चाहते हैं। अध्यक्ष ने माना है कि अभी लोगों को मदरसा चलाने में दुश्वारियां भी आ रही हैं। उन्होंने कहा कि मदरसों में परीक्षा की तैयारी चल रही थी और उस समय सरकार ने जांच शुरू करा दी। परीक्षा तैयारियों में इससे बाधा उत्पन्न हुई। इन्हीं वजहों ने मान्यता सरेंडर को संस्थानों को प्रेरित किया है।

यूपी में मदरसा संस्थानों की रिन्युअल की प्रक्रिया काफी जटिल हो गई है। अब मदरसा के छात्र और शिक्षकों की पूरी जानकारी के साथ रिन्युअल का आवेदन करना होता है। इसमें संस्थान के पास छात्रों के आधार पर कमरों की संख्या और इंफ्रास्ट्रक्चर की भी जानकारी देनी होती है। पहले मदरसों की मान्यता के रिन्युअल के लिए आवेदन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के यहां आवेदन करना होता था। वहीं से मदरसों की मान्यता और रिन्युअल की प्रक्रिया को पूरा करा दिया जाता था। अब यह अधिकार मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार को दे दिया गया है। रजिस्ट्रार के स्तर पर जांच कराने के बाद ही मान्यता मिलती है। इसके लिए जिलों से लखनऊ आना-जाना कठिन हो गया है।

दरअसल मदरसों को एक निश्चित अवधि में अपनी मान्यता का रिन्युअल कराना होता है, जो अब जटिल प्रक्रिया है। मदरसे अपने यहां बच्चों को पढ़ाते हैं। इसलिए उनमें से अनेक मदरसों ने बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता ले ली है। यह मान्यता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से ही मिल जाती है। ऐसे में मदरसा बोर्ड से मान्यता की मुश्किल प्रक्रिया ने संस्थानों को एक विकल्प दे दिया है।

बेसिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेने वाले मदरसों को सरकारी स्कूलों में होने वाली पढ़ाई और सिलेबस को लागू करना होता है। ऐसे में धार्मिक शिक्षा का स्तर सिमटने की आशंका जाहिर की जा रही है। बेसिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता हासिल करने वाले मदरसे वित्तरहित स्कूलों की तर्ज पर काम करेंगे। इनमें साइंस, गणित, हिंदी के साथ उर्दू-फारसी की भी पढ़ाई होगी। ऐसे में बोर्ड का चिंतित होना लाजिमी है। दरअसल, प्रदेश में करीब 25 हजार मदरसे चल रहे हैं। इनमें से लगभग 16,500 मदरसों ने राज्य मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता ली हुई है। इनमें से 560 मदरसों को सरकारीअनुदान मिलता है। वहीं, करीब 8500 मदरसे गैर मान्यता प्राप्त हैं।

इस प्रकार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मदरसा शिक्षा परिषद ने मान्यता से संबंधित प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसों को मॉडल के रूप में पेश करने की तैयारी है। मदरसों के कर्मचारियों की शिकायत जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के स्तर पर किए जाने को भी मंजूरी दी गई है। इससे उम्मीद की जा रही है कि मदरसों की समस्याओं को दूर करने में कामयाबी मिल सकेगी।

# दो प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भिड़े बेकाबू भीड़ को संभाल न सकी पुलिस



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा के नामांकन एसडीएम ऑफिस बल्लभगढ़ में हो रहे है। वहां पुलिस के द्वारा केवल प्रत्याशियों को और उनके संग दो से तीन सदस्यों को ही जाने की अनुमति दी जा रही है, लेकिन सड़क के बजाय समर्थक एसडीएम ऑफिस में जाने की होड़ में आगे रहते है, ऐसे में जब कांग्रेस की टिकट न मिलने पर शारदा के समर्थकों ने उन्हें निर्दलीय चुनाव का बोला, तो वह राजी हो गई और सुबह से ही नामाकंन की तैयारियां कर दी। जिसके लिए वह पैदल यात्रा करते हुए हजारों समर्थकों के संग ढ़ोल नगाड़ों के संग नामाकंन को पहुंची, तो समर्थकों ने भी अंदर जाने का प्रयास किया, पुलिस ने उन्हें रोका, तो वह नहीं रूकें और गेट को धक्का देकर अंदर पहुंच गए। वहीं कुछ लोग बाहर रह गए। उसी दौरान जब प्रक्रिया पूरी हो रही थी, तो वहां कांग्रेसी प्रत्याशी भी पहुंच गई।

**राठौर का निर्दलीय नामांकन:**

बल्लभगढ़ विधानसभा में शारदा राठौर ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है। शारदा राठौर पहले कांग्रेस से टिकट की मांग कर रहीं थीं लेकिन उनकी जगह पराग शर्मा को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया। जिसके बाद शारदा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। नामांकन दाखिल करने के बाद शारदा ने कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन को रद्द करने की मांग की है। शारदा राठौर पूर्व में दो बार विधायक रह चुकी हैं और इस बार निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। वो एक तरफ लगातार अपनी जीत का दावा कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पराग शर्मा पर नामांकन भरने में देरी और कागजों की कमी का आरोप लगाते हुए उनके नॉमिनेशन को कैंसिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पराग शर्मा एक तो देरी से पहुंची और उनके कागज भी पूरे नहीं हैं इसके चलते न केवल उन्होंने एसडीएम बल्कि डीसी से बात की है। डीसी ने उन्हें कागज की जांच कराने का आश्वासन दिया है लेकिन फोन पर जब उनकी एसडीएम से बात हुई तो एसडीएम ने भी माना है की पराग शर्मा के कागज पूरे नहीं हैं। इसकी जांच की जानी चाहिए। शारदा राठौर ने कहा कि यदि पराग शर्मा का नॉमिनेशन कैंसिल नहीं किया गया तो वह और उनके समर्थक सरकार और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**दोनों के समर्थक भीडे:**

जहां नामांकन भरने के दौरान पूर्व विधायक शारदा राठौर और कांग्रेस प्रत्याशी पराग शर्मा के समर्थक आपस में भिड़ गए। जिसके चलते नामांकन स्थल पर भगदड़ मच गई। पुलिस ने जैसे तैसे माहौल को शांत कराया, जिसका एक वीडियो भी सामने आई है, जो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें दोनों पार्टी के प्रत्याशी आपस में लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में नामांकन भरने की अंतिम तारीख थी। बताया जा रहा है कि नामांकन भरने की जल्दबाजी में दो प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भिड़ गए। फिलहाल इस मामले में पुलिस का कहना है कि किसी की तरफ से भी कोई अभी तक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर जांच के बाद उचित कानून कार्रवाई की जाएगी।

# विकास और सुशासन रहेगा भाजपा का चुनावी मुद्दा : कृष्णपाल गुर्जर

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने करवाया बडखल से भाजपा उम्मीदवार धनेश अदलखा का नामांकन



नामांकन के बाद धनेश और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व अन्य साथी विक्ट्री चिन्ह दिखाते हुए।



नामांकन के लिए पत्र दाखिल करते हुए धनेश अदलखा संग में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार धनेश अदलखा ने गुरुवार को केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के साथ बडखल एसडीएम कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, नगर निगम की निवर्तमान महापौर सुमन बाला, निवर्तमान पार्षद सरदार जसवंत सिंह, मनोज नासवा, मंडल अध्यक्ष अमित आहुजा, अंजू भड़ाना, उनकी धर्मपत्नी रेखा अदलक्खा सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि चुनाव में विकास और सुशासन उनका मुद्दा होगा, क्योंकि लोकसभा में भी उनका यही मुद्दा था और विधानसभा में भी इसको लेकर ही वह जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने दस सालों में मनोहर लाल व नायब सैनी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयां छूने का काम किया है और जनता ने इसे देखा भी है। उन्होंने विश्वास जताया है कि लोकसभा क्षेत्र की नौ विधानसभाओं में से सभी सीटे भाजपा जीतेगी और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास एक विधानसभा क्षेत्र से कई जिताऊ उम्मीदवार है, लेकिन टिकट एक को ही मिलती है, ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपने साथ है और कमल के फूल को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग जाति गणना की बात करते है, क्या पंजाबी जाति नही है, 2009 से आज तक इन्होंने नौ में से एक भी पंजाबी उम्मीदवार नहीं उतारा क्या यह पंजाबियों को जाति नहीं मानते। इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार धनेश अदलखा ने कहा बड़खल क्षेत्र का विकास करना उनका एजेंडा होगा, जनता ने तीन-तीन बार उन्हें पार्षद बनाया है, और उन्होंने विकास भी किया है, काम कैसे करते है, यह वह भली भांति जानते है। वह बडखल की जनता से वायदा करते है कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने काम के नाम पर ही उन्हें उम्मीदवार बनाया है और वह पार्टी की आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने भरसक प्रयास करेंगे।

# भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी भाजपा : नीरज शर्मा

### गांव सारण की मौजिज सरदारी ने कांग्रेस प्रत्याशी को दिया समर्थन



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत गांव सारण पहुंचे। जहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत कर अपना समर्थन देने की घोषणा की।

लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता अपनी मेहनत की कमाई से टैक्स भरती है। सरकार की जिम्मेदारी बनती है की लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। लेकिन भाजपा काम करना नहीं जानती। बल्कि लोगों के टैक्स के पैसों को लूटना जानती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में 200 करोड़ रुपए आए थे। जोकि भाजपा की भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गए। जनता टैक्स विकास कार्यों के लिए भरती है। न की भाजपा की झोली भरने के लिए। यदि वाकई 200 करोड़ के विकास कार्य होते तो क्षेत्र में सडक, सीवर, पानी आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगों को तरसना नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। इनकी कलई जनता के सामने खुल चुकी है। एनआईटी क्षेत्र के विकास का पैसा भाजपा ने अपना घर भरने में लगा दिया। जोकि किसी से छिपा नहीं है। लोग विकास कराने के लिए सरकार चुनते हैं। ऐसे में लोगों ने कांग्रेस सरकार लाने का मन बना लिया है। जिससे एक बार फिर प्रदेश को तरक्की की राह पर लाया जा सके।

इस मौके पर गांव सारन निवासी डाल चन्द नम्बरदार ने कहा कि हमारा गांव एनआईटी विधानसभा का प्रवेश द्वार है तथा हमने कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा को पहले भी एंट्री दी है और इस बार भी हम नीरज शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाएंगे, ताकि हमारी विधानसभा में विकास कार्य हो सके। इस मौके पर गांव निवासी भारत भूषण, श्याम सिंह, अमर सिंह, विजय सिंह, धीरेन्द्र सिंह, संदीप, अनुप, विनोद, चंदन आदि मौजूद रहे।

# राधा अष्टमी पर किया भजन संध्या का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ द्वारा 14वां श्री राधा रानी जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अधिक जानकारी देते हुए मंडल के प्रधान मोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि श्री राधा रानी जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह अनाज मंडी बल्लभगढ़ से अम्बेडकर चौक होती हुई शिव मंदिर चावला कॉलोनी के लिए सैकड़ों महिलाओं व बैंड बाजे के साथ अभिषेक कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद शिव मंदिर मे पहुंच कर आचार्य प्रेम प्रकाश कटारा जी बरसाना वालो के सानिध्य में श्री राधा रानी का अभिषेक कर प्रसाद वितरण किया। राधा रानी जन्मोत्सव के अवसर पर सायं को अग्रवाल धर्मशाला में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें फरीदाबाद की प्रसिद्ध गायिका कोमल चोपड़ा, बरसाना की मनीषा ठाकुर व दिल्ली की पारुल गाबा ने राधा रानी के जन्म की बधाई गायन किया। मनीषा ठाकुर के भजन मैं तो भानु बाबा के घर जाउंगी बंधाई ले कर आऊंगी भजन पर मंडल की सभी महिलाओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभिषेक गोयल, उमेश गर्ग, राजेश सैनी, योगेश गोयल, सी बी रावल, राकेश कुमार गुप्ता, प्रवीण गर्ग, हरिकिशन मित्तल, पारस अग्रवाल, दिनेश मंगला, नितिन मित्तल, जितेश गोयल व अनुराधा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जेआरसी ने पोस्टर बना प्राथमिक चिकित्सा का महत्व बताया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड एवं गाइड्स ने वर्ल्ड फर्स्ट एड डे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि वर्ल्ड फर्स्ट एड डे जो कि विश्व स्तर पर आयोजित किए जाने वाला कार्यक्रम है सितंबर माह के दूसरे शनिवार को आयोजित किया जाता है जिसे वर्ष 2000 से प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी फर्स्ट ऐड डे की थीम हैं डिजिटल। विश्व में प्राथमिक चिकित्सा डिजिटल तकनीक सभी आयु और वर्गों को प्राथमिक चिकित्सा सभी आयु के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा जन साधारण को प्राथमिक चिकित्सा के विषय में अधिक जागरूक और उतरदायी बनाने मे वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा और प्राध्यापिका गीता ने प्राथमिक चिकित्सा पर पोस्टर बना कर फर्स्ट ऐड़ की महत्ता को दर्शाने वाली छात्राओं काजल, चेतना, कोमल, सिया सहित सभी छात्राओं को सम्मानित किया और प्राथमिक उपचार की सभी विधियों का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी दो दिनों तक फर्स्ट एड की लाइफ सेविंग तकनीक के विषय में विस्तार से बताया जायेगा।

# पांच अक्टूबर भूल न जाना, वोट डालना

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम यादव के आदेशानुसार तथा सी ई ओ जिला परिषद सतबीर मान के मार्गदर्शन में सराय ख्वाजा फरीदाबाद के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा ए ई आर ओ स्वीप तिगांव विधानसभा एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु वोटर अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया गया। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि विद्यालय द्वारा गत दिनों से वोटर जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसी निरंतरता के अंतर्गत आज दिनेश पी टी आई तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने आज जन जागरण रैली के माध्यम से अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया।

वोटर अवेयरनेस कार्यक्रम में जन जागरण रैली में विद्यार्थियों ने प्रजातंत्र का महापर्व, लोकतंत्र का गर्व, पहले मतदान फिर जलपान, आप का वोट, आप का अधिकार, आप का मत निश्चित करेगा देश का भविष्य, हमारा वोट हमारा अधिकार जैसे स्लोगन गा गा कर सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

# बधिर निशानेबाज शुभम वशिष्ठ की शानदार जीत पर बल्लभगढ़ में जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के शुभम वशिष्ठ ने विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप जर्मनी में भारत के लिए रजत और कांस्य पदक जीते। उनके स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शुभम ने 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा में कांस्य पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ उन्होंने न सिर्फ अपने देश का नाम रोशन किया, बल्कि अपने राज्य हरियाणा, जिला फरीदाबाद और अपने शहर बल्लभगढ़ को भी गौरवान्वित किया है।

**वतन वापसी पर भव्य स्वागत**

जब शुभम अपने वतन लौटे, तो उनका स्वागत किसी हीरो की तरह किया गया। फरीदाबाद के 10 शूटिंग रेंज से एक भव्य स्वागत रैली निकाली गई। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक बल्लबगढ़ तक पहुंची और अंत में शुभम के घर भीकम कॉलोनी में समाप्त हुई। शुभम के घर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा और रावल एजुकेशन के चेयरमैन सीबी रावल जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। उन्होंने शुभम को आशीर्वाद दिया और उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

**पिता ने की पैरा के बराबर सम्मान की मांग**

शुभम के पिता दिनेश शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण मुद्दा भी उठाया। पिता दिनेश शर्मा ने हरियाणा सरकार से अपील की कि वे अन्य राज्यों की तरह बधिर खिलाड़ियों को पैरा-एथलीटों के बराबर सम्मान और पुरस्कार दें। मंत्री मूलचंद शर्मा ने आश्वासन दिया है कि वो इस संबंध में कदम उठाएंगे। यह मांग बधिर एथलीटों के लिए समान अवसर और मान्यता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

**शुभम की प्रेरणादायक यात्रा**

शुभम की सफलता की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। बचपन से ही शुभम को शूटिंग का शौक था। अपनी बधिरता के बावजूद, उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने सपने को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत की। मैंने कभी अपनी बधिरता को कमजोरी नहीं माना, शुभम ने संकेतों में बताया। मेरा मानना है कि अगर आप किसी चीज को पूरे दिल से चाहते हैं, तो कोई भी बाधा आपको रोक नहीं सकती।

**शहर के लिए गर्व का क्षण**

बल्लभगढ़ के लोगों के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है। स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने कहा, शुभम ने साबित कर दिया है कि हमारे छोटे से शहर में भी विश्व स्तरीय प्रतिभाएं हैं। वह हमारे युवाओं के लिए एक रोल मॉडल हैं। शुभम की इस उपलब्धि से उम्मीद जगी है कि भविष्य में और भी कई युवा बधिर एथलीट आगे आएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। हालांकि, इसके लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा। शुभम के कोच राकेश सिंह ने कहा, हमें बधिर एथलीटों के लिए बेहतर सुविधाएं और प्रशिक्षण की जरूरत है। अगर हम उन्हें सही मौका दें, तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमाल कर सकते हैं।

**वशिष्ठ के परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान**

उनके भाई विक्रम वशिष्ठ ने बताया कि उनका संयुक्त परिवार है। उनके परिवार में पिता दिनेश शर्मा, माता सुषमा देवी है। संयुक्त परिवार में पाँच भाई जिसमे शुभम वशिष्ठ सबसे छोटा है। बड़े भाई ललित शर्मा, सुमित शर्मा, विक्रम वशिष्ठ व विपिन वशिष्ठ है। शुभम की चार भाभी है जिनका नाम उर्वशी, प्रीति, रेखा व शिवानी है। शुभम के तीन भतीजे धैर्य, अखिल व कृयांश है। उनकी एक भतीजी पूर्णिमा शर्मा है। परिवार के सभी लोगों शुभम का बहुत ध्यान रखते है व उसकी सेवा में किसी भी तरह की कमी नहीं रखते है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की मुलाकात, परमार ने लिया पीएम का आटोग्राफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकेंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है।

बातचीत के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझड़िया भी मौजूद थे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी दृष्टिबाधित कपिल परमार उन लोगों में शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया।

परमार को प्रधानमंत्री मोदी से अपने पदक पर हस्ताक्षर करवाते देखा गया। भारत ने पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें अभूतपूर्व 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। पेरिस खेलों में भारत के 84 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया और तीन साल पहले तोक्यो खेलों में हासिल किए गए 19 पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया।

इन खेलों के दौरान भारत ने पहली बार एथलेटिक्स की ट्रैक स्पर्धाओं में पदक जीतने के अलावा तीरंदाजी में पहली बार स्वर्ण (हरविंदर सिंह के माध्यम से) पदक जीता। स्वदेश लौटने पर पैरालंपियन खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है और खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। राकेश कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीतने वाली बिना हाथ वाली तीरंदाज शीतल देवी जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए की राशि मिली।



## भारत ने कोरिया को हराकर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत की लय जारी रखी



**हुलुनबुईर (चीन) (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारत ने बृहस्पतिवार को यहां हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में कोरिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने इससे पहले चीन को 3-0 से, जापान को 5-0 और पिछले साल की उप विजेता मलेशिया को 8-1 से मात दी।

कोरिया के खिलाफ भारत के लिए अराईजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें और 43वें मिनट में दो गोल दागे। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। पहले ही सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को अपने अंतिम लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी।

छह टीमों के टूर्नामेंट के लीग चरण से शीर्ष चार टीमें शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि फाइनल रविवार को खेला जायेगा।

## विराट कोहली इतिहास रचने से मात्र 58 रन दूर, बांग्लादेश के खिलाफ बनाएंगे नया कीर्तिमान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उतरेगी तो सभी की निगाहें विराट कोहली पर होंगी। कोहली बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं। विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के लिए 58 रनों की जरूरत है।

विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर के बीच अक्सर तुलना की जाती रही है, हालांकि सचिन हमेशा कहते रहे हैं कि बाद वाले का कोई मुकाबला नहीं है। कोहली के नाम 80 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं और शतकों की संख्या के मामले में वह तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 623 पारी (226 टेस्ट पारी, 396 वनडे पारी, 1 टी20 पारी) में ऐसा किया है। कोहली ने अब तक सभी प्रारूपों में 591 पारियां खेली हैं और 26942 रन बनाए हैं। अगर कोहली अपनी अगली आठ पारियों में 58 रन और बना लेते हैं जो कि बहुत संभव है तो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में 600 से कम पारियों में 27,000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे।

अब तक तेंदुलकर के अलावा ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और श्रीलंका के कुमार संगकारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस बीच, संभावना है कि एफ्रो-एशिया कप को फिर से शुरू किया जा सकता है। अगर यह टूर्नामेंट वाकई शुरू होता है, तो विराट कोहली के बाबर आजम के साथ गेंदबाजी करने या शाहीन अफरीदी के जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर गेंदबाजी करने की संभावना खुल सकती है।

## आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स में हो सकते हैं बड़े बदलाव, ऋषभ पंत के हाथ से जाएगी कप्तानी?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन इसी साल होना है, लेकिन उससे पहले हर फ्रेंचाइजी कितने खिलाड़ियों को रिलीज और रिटेन करेगी ये सबसे बड़ा सवाल है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत अभी तक कई बार दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन एक्सीडेंट के कारण से वह आईपीएल 2023 में नहीं खेल पाए थे। इसके बाद जब 2024 सीजन में उन्होंने कमबैक किया तो खुद को साबित किया। लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। दिल्ली ने पिछले सीजन में 14 मैच खेले थे और 7 जीते थे। अब टीम बड़े बदलाव की ओर से बढ़ रही है।

बता दें कि, रिपोर्ट्स की मानें तो पंत को कप्तानी से हटाया जा सकता है। लेकिन इसको लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली में सबसे बड़ा बदलाव कोचिंग स्टाफ को लेकर हुआ। रिकी पोंटिंग ने टीम का साथ छोड़ दिया है। अब खिलाड़ियों को रिलीज करने की बारी है। टीम मेगा ऑक्शन से पहले प्लेयर्स की रिलीज लिस्ट जारी करेगी। इसमें कई बड़े प्लेयर्स का नाम भी शामिल हो सकात है। टीम के पास रिटेन करने का ऑप्शन कम है। इसको लेकर अभी तक संख्या का पता नहीं चल सका है।



अगर पंत की बात करें तो उन्होंने 2016 में आईपीएल डेब्यू किया था। पंत के लिए पहला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। लेकिन उन्होंने 2018 में कमाल का प्रदर्शन किया था। ऋषभ पंत ने 2018 के 14 मैचों में 684 रन बनाए थे। उनको टीम ने आईपीएल 2021 में कप्तान बना दिया था। लेकिन अब उनसे कप्तान छिन सकती है। आज तक ने एक रिपोर्ट के हवाले से लिखा है कि पंत की कप्तानी छिन सकती है। टीम के मालिक पिछले सीजन के प्रदर्शन से खुश नहीं थे।

## आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराया

**बेलफास्ट (एजेंसी)।** एमी मैगुएर (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान गैबी लुईस (72) रनों की शानदार अर्धशतक पारी की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक एकदिवसीय मुकाबले में हराया दिया है।

154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की सलामी जोड़ी एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस ने अच्छी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े। सातवें ओवर में फ्रेया केम्प ने एमी हंटर (18) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मैडी विलियर्स ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (11) को आउट कर दिया।

लीह पॉल (22) रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान कप्तान गैबी लुईस एक छोर पर डटी रही। नौवें ओवर में 137 के स्कोर पर कप्तान गैबी लुईस के (72) के आउट होने के बाद लगातार तीन और विकेट गिरने से आयरलैंड की टीम संकट में आ गई थी। हालांकि रेबेका स्टोकेल (नाबाद तीन) तथा अलाना डाल्जेल (नाबाद चार) टीम को जीत की ओर ले गई और आयरलैंड ने 22 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

इंग्लैंड ने इस हार के बावजूद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की ओर से मैडी विलियर्स ने तीन विकेट लिये। लॉरेन फाइलर को दो विकेट मिले। फ्रेया केम्प ने एक बल्लेबाज को आउट किया। पिछले मैच 275 रनों से करारी हार झेलने के बाद बुधवार की रात तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज एम्मा लैम्ब का विकेट गवां दिया। इसके बाद टैमी ब्यूमोंट ने होली आर्मिटेज के साथ दूसरे विकेट के लिये 43 रन जोड़े। होली आर्मिटेज ने (15), पैगे स्कोल्फील्ड (21) और रयाना मैकडोनाल्ड-गे (17) रन बनाकर आउट हुई। टैमी ब्यूमोंट ने (52) रनों की पारी खेली। आयरलैंड के गेंदबाजी कहर के आगे इंग्लैंड के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

## हेड के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

साउथैम्पटन। ट्रैविस हेड के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले ही टी20 क्रिकेट मुकाबले में इग्लैंड को 28 रनों से हरा दिया। इस मैच में कंगारुओं की जीत के हीरो ट्रैविस हेड रहे। हेड ने 23 गेंदों में 59 रन बनाये। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है, वहीं आज सुबह इग्लैंड ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड 59 और मैथ्यू शॉर्ट ने 41 रन बनाकर पावरप्ले के छह ओवरों में ही 86 रन बना दिये। हेड के पावरप्ले में आउट होने के बाद शॉर्ट भी आउट हो गए। इसके बाद जोश इंग्लिस ने 37 रन बनाये। वही बाकि बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 179 रन पर ही सिमट गयी। वहीं इग्लैंड की ओर से रीस टॉप्ले और सैम कुर्रन ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए टीम को वापसी कराने के प्रयास किये। टॉप्ले ने तीन विकेट जबकि कुर्रन को दो विकेट मिले पर मेजबान टीम के बल्लेबाज किसी भी अवसर का लाभ नहीं उठा सके। लियाम लिविंगस्टन ही 37 रन बना पाये। ही कप्तान फिल सॉल्ट ने 20 रन बनाए। इस प्रकार इग्लैंड की पूरी टीम 19.2 ओवरों में ही 151 रन पर आउट हो गयी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इग्लैंड के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं जेसन बेहरनडॉर्फ ने 3 विकेट जबकि मार्कस स्टोइनिस और एश्टन एगर ने 2-2 विकेट लिए।



## बांग्लादेश के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी कर रहे शुभमन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल आजकल बांग्लादेश के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। शुभमन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप किसी भी अंतरराष्ट्रीय टीम को कम आंक सकते हैं। इसलिए हम बांग्लादेश के खिलाफ पूरी ताकत से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश ने जिस तरह की क्रिकेट खेली है, खासकर पाकिस्तान में उससे पता चलता है कि अब वह एक अच्छी टीम बन गयी है। इसलिए ये मुकाबला अच्छा होगा। इस बल्लेबाज ने कहा है कि उन्होंने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी जिसके अनुभवों से उनकी बल्लेबाजी बेहतर हुई। इंग्लैंड की उसी सीरीज से उन्हें लाभ हुआ और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। शुभमन ने कहा कि तब इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हारने के बाद हम पर दबाव था। उस समय कई अनुभवी खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में उन्हें बेहतर खेलकर अपने को साबित करने का अवसर मिला। शुभमन ने कहा कि मैंने पहले कभी 5 टेस्ट मैच नहीं खेले थे, इसलिए उस सीरीज का अनुभव एक अच्छा अनुभव और रोमांचक था। शुभमन ने 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 91 रन की साहसिक पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा था। वहीं इंग्लैंड दौरे, आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और 2022 और 2024 की शुरुआत के बीच दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान खराब प्रदर्शन के बाद उनपर सवाल उठने लगे थे। वहीं शुभमन ने इस साल 6 टेस्ट की 11 पारियों में 49.80 की औसत से 498 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 2 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है। गिल ने 25 टेस्ट मैचों की 46 पारियों में 35.52 की औसत से 1,492 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और 6 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## आईओए प्रमुख पीटी उषा ने खेल संहिता के उल्लंघन की शिकायत के बाद कोषाध्यक्ष को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने देश में खेल की इस शीर्ष खेल संस्था के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के चुनाव से राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन की शिकायत के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उषा ने 10 तारीख को लिखे पत्र में यादव को 24 सितंबर तक जवाब देने को कहा है।

यादव को पत्र में उषा ने लिखा, ''मैं आपका ध्यान उस औपचारिक शिकायत की ओर आकर्षित करने के लिए आपको पत्र लिख रही हूं जो पिछले चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की आपकी पात्रता से जुड़ी है और हाल में भारतीय ओलंपिक संघ को मिली है।'' पत्र में कहा गया, ''शिकायतकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया है, जो शिकायतकर्ता के अनुसार चुनाव लड़ने की आपकी पात्रता के बारे में चिंता पैदा करता है।''



पत्र की एक प्रति खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) संबंध विभाग के सहायक निदेशक जेरोमी पोइवी को भी भेजी गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि यादव और कुछ अन्य अधिकारी अपने पदों पर बने हुए हैं जो खेल संहिता के तहत आयु और कार्यकाल की सीमा संबंधी नियमों का उल्लंघन है। खेल संहिता के तहत विभिन्न पद पर लगातार 12 साल रहने के बाद पद छोड़ना पड़ता है।

यादव इससे पहले भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के सचिव थे और 15 साल तक उसके साथ जुड़े रहे। शिकायतकर्ता ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के उपाध्यक्ष अजय पटेल, भारतीय वुशु महासंघ के भूपिंदर सिंह बाजवा और भारतीय नौकायन महासंघ की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव सहित आईओए के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी खेल संहिता का पालन नहीं करने पर इसी तरह की चिंता जताई है।

आईओए ने शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी है। शिकायकर्ता ने इन लोगों को तुरंत आईओए की कार्यकारी समिति से हटाने की मांग की है। इसके बाद आईओए में चल रही खींचतान और तेज हो गई है।

## अब से हर दो साल में खेला जाएगा अंडर-19 महिला टी20 एशिया कप : जय शाह

कुआलालपुर। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा है कि अब से हर दो साल में महिला अंडर-19 टी20 एशिया कप खेला जाएगा। जय शाह के अनुसार इस नये टूर्नामेंट की शुरुआत से युवाओं को टी20 विश्वकप की तैयारी का भी अवसर मिलेगा। शाह की अध्यक्षता में एसीसी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में इस टूर्नामेंट के आयोजन का फैसला हुआ। इस टूर्नामेंट को इसलिए शुरु किया जा रहा है जिससे कि एशिया की उभरती महिला क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिल सके। इससे ये आईसीसी टूर्नामेंट में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगी। इस फैसले से महिला क्रिकेट को भी आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। शाह ने कहा, ''महिला अंडर-19 एशिया कप की शुरुआत एक बड़ी उपलब्धि है जो युवा महिला क्रिकेटरों को अपने कौशल को विकसित करने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक एक विश्वस्तर का मंच उपलब्ध करायेगी। यह नई शुरुआत एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को बेहतर करने के लिए शुरु की गयी है और हमें उम्मीद है कि इससे एशिया में महिला क्रिकेट के विकास में तेजी आयेगी।



## प्रतिभाओं की कमी के कारण पीछे जा रहा पाक क्रिकेट : गांगुली

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके खराब होते प्रदर्शन का कारण मैच विजेता खिलाड़ियों का टीम में नहीं होना है। गांगुली ने कहा कि पाक में अच्छी प्रतिभाएं नहीं उभर रही हैं, इसी कारण उसे मैच विजेता खिलाड़ी नहीं मिले रहे। उन्होंने कहा कि मैच विजेताओं को तैयार करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को हालात का सही तरीके से आकलन करना होगा। गांगुली का ताजा बयान हाल में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर सामने आया है। पाक को अपने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा आईसीसी टूर्नामेंटों में भी उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। एकदिवसीय विश्वकप में पाक टीम लीग चरण से ही बाहर हो गयी थी। इसके अलावा टी20 विश्व कप के दौरान भी वह शुरु में ही बाहर हो गयी। यहां तक कि उसे अमेरिका जैसी नई टीम ने तक हरा दिया। इसी को लेकर गांगुली ने कहा कि पाक में प्रतिभाएं नजर नहीं आ रही हैं जबकि एक समय पा पाक से जावेद मियांदाद, वसीम, वकार, सईद अनवर, मोहम्मद यूसुफ और यूनिस खान जैसे क्रिकेटर निकले हैं पर वर्तमान में टीम मैच नहीं जीत रही जबकि हर पीढ़ी को जीतने के लिए शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करना होता है। साथ ही कहा कि टीम को फिर से बेहतर बनाने के प्रयास पाक बोर्ड पीसीबी को ही करने होंगे।



## भारतीय टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन पर हैं नाहिद ही नजरें

ढाका। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की टेस्ट सीरीज में 2-0 की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं अब नाहिद का लक्ष्य भारत के खिलाफ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना है। इस तेज गेंदबाज से भारतीय बल्लेबाजों को सतर्क रहना होगा क्योंकि ये 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के साथ ही अपनी लाइन व लैंथ भी बेहतर बनाये रखता है। पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में दूसरे टेस्ट मैच में नाहिद ने 44 रन देकर चार विकेट लिए थे। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया में अपना एक वीडियो साझा कर कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। इसमें उसने कहा, 'निश्चित रूप से हम भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। हमने अभ्यास शुरू कर दिया है। हम जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना अधिक हम मैच के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा, 'भारत की टीम हालांकि बहुत अच्छी है पर से भी सही है कि मैच के दिन जो टीम अच्छा खेलेगी जीत उसे ही मिलेगी। इस तेज गेंदबाज ने इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ही 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। पाक के खिलाफ भी उसका प्रदर्शन प्रभावी रहा था। नाहिद ने कहा, 'पाकिस्तान दौरे पर जाने से पहले मैंने कहा था कि मैं अपने देश के लिए कुछ हासिल करना चाहता हू और मुझे खुशी है कि मुझसे जो उम्मीद की गई थी उसे मैंने पूरा किया। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा, यहां की पिच पर उछाल मिलने की उम्मीद है। ऐसे में जब राणा ने कहा कि वह फिर से 152 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के लिए तैयार है। साथ ही कहा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हू। साथ ही कहा कि तेजी को लेकर आप हमेशा कुछ नहीं कह सकते हैं। यह लय पर निर्भर होता है।



## अफगानिस्तान ने द. अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा की, राशिद खान की वापसी

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। हशमतुल्लाह शाहिदी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक द्विपक्षीय वनडे सीरीज में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे, जबकि रहमत शाह को उप-कप्तानी सौंपी गई है। इस टीम में राशिद खान की भी वापसी हुई है, जो चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे।

गुलबदीन नैब और मोहम्मद नबी भी अनुभवी खिलाड़ियों वाली इस टीम में शामिल हैं। हालांकि कुछ जाने-माने खिलाड़ियों की चोटों ने दो युवा दावेदारों को शामिल करने का रास्ता साफ कर दिया है। अफगानिस्तान की टीम में इब्राहिम जादरान की सेवाएं नहीं होंगी, जो टखने की मोच के कारण बाहर हो गए थे और मुजीब उर रहमान, जो अभी तक दाएं हाथ की मोच से उबर नहीं पाए हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार इससे हाल ही में घरेलू लिस्ट ए प्रतियोगिता में प्रभावित करने वाले प्रतिभाशाली दाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अब्दुल मलिक और सात टी20आई खेलने वाले शीर्ष क्रम के अन्य विकल्प दरवेश रसूली के लिए रास्ते खुल गए हैं।

एसीबी के सीईओ नसीब खान ने कहा, 'हमारे क्रिकेट इतिहास में पहली बार दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करना अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वे एक बेहतरीन टीम हैं और उनके खिलाफ वनडे सीरीज खेलना कुछ ऐसा है जिसे लेकर हम सभी उत्साहित हैं। हमारी टीम ने पिछले दो-तीन सालों में आईसीसी इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया है और हम अपनी टीम को द्विपक्षीय क्रिकेट में भी उतना ही प्रतिस्पर्धी बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

यह वनडे सीरीज आईसीसी टूर्नामेंट के बाहर अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली मुलाकात होगी जिसके तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एसीबी द्वारा आयोजित किए जाएंगे। दोनों टीमें पिछली बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में भिड़ी थीं जहां प्रोटियाज ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आसानी से हरा दिया था।

**अफगानिस्तान टीम:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उपकप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), अब्दुल मलिक, रियाज हसन, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, राशिद खान, नांग्याल खरोती, अल्लाह मोहम्मद गजनफर, फजल हक फारुकी, बिलाल सामी, नवीद जादरान और फरीद अहमद मलिक।




समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com




## देवरा में होगा जूनियर एनटीआर-सैफ अली खान में जबर्दस्त एक्शन, भुला नहीं पाएंगे दर्शक

**निर्देशक कोरताला शिवा की आगामी बहुचर्चित फिल्म देवरा पार्ट 1, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है कि इसमें सैफ और जूनियर एनटीआर के बीच घमासान लड़ाई दिखाई जाएगी, जिसे प्रशंसक कभी भूला नहीं पाएंगे।**

देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ पहली बार जान्हवी कपूर की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म में भरपूर रोमांस के साथ धमाकेदार एक्शन भी देखने को मिलेगा। जूनियर एनटीआर और जान्हवी दोनों ही अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का जबर्दस्त तरीके से अब प्रचार भी किया जा रहा है। कोरताला शिवा द्वारा निर्देशित और जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर अभिनीत देवरा- पार्ट 1 को लेकर जो जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म में रोमांस के साथ एक्शन भी देखने को मिलेगा। आरआरआर फेम जूनियर एनटीआर और जान्हवी को एक साथ देवरा में देखने के लिए प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। देवरा के कई पोस्टर के अलावा फिल्म के कई रोमांटिक सॉन्ग भी रिलीज किए जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में जान्हवी के अलावा सैफ अली खान, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, श्रुति मराठे, नारायण, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमायु सिंह जैसे कई कलाकार अहम किरदार में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं और एनटीआर के साथ उनकी लड़ाई फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। फिल्म के आखिर में सैफ और एनटीआर के बीच होने वाली घमासान लड़ाई प्रशंसकों के लिए ना भूलने वाला दृश्य होगी। जानकारी के मुताबिक इस फाइट सीन के दौरान एनटीआर शर्टलेस हो जाएंगे। अनिरुद्ध ने संगीत तैयार किया है और अब सभी की निगाहें फिल्म की रिलीज पर टिकी हैं।



# मुझे टीवी पर काम करना पसंद नहीं आया

आप उनसे नफरत कर सकते हैं या मोहब्बत, मगर उन्हें आप इग्नोर नहीं कर सकते। हम बात कर रहे हैं सोशल मीडिया की सनसनी कहलाने वाली और नित नए विवाद जगाने वाली उर्फी जावेद की। यूं तो वह हमेशा हेडलाइंस बनाती हैं, मगर इन दिनों खास तौर पर चर्चा में हैं ओटीटी पर अपने नए रियलिटी शो फॉलो कर लो यार को लेकर।

**आपने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। वो दौर कैसा था आपके लिए?**

सच कहूं, तो मुझे टीवी पर काम करना इतना पसंद नहीं आया। टीवी में 60-60 घंटे काम किया है बिना ब्रेक के। मतलब कभी-कभी ये लोग 3-4 दिन शूट करवाते हैं, 2 घंटे सो जाओ फिर काम करो। फिर 2 घंटे सो जाओ फिर काम करो। लेकिन इसमें कोई रिस्पेक्ट नहीं है, बहुत बेइज्जती करते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप मैन लीड नहीं हो या बहुत बड़े फेमस एक्टर नहीं हो, तो आपको कोई कुछ नहीं समझता टीवी पर। यही वजह है कि मुझे छोटे पर्दे से इतना लगाव नहीं हुआ और पॉलिटिक्स भी बहुत चलती है सेट पर। मुझे लगा कि मैं इन सबका हिस्सा नहीं बन सकती।

**लोगों का कहना है कि टीवी से शुरुआत करने के बाद आपने फेमस होने के लिए कपड़े उतारकर शॉर्टकट रास्ता अपनाया?**

सच कहूं तो मेरे पास इस रास्ते को अपनाने के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं था। अगर लोगों को ये शॉर्टकट लगता है, तो आप भी अपना लो ये रास्ता। उतार कर कपड़े, हो जाओ फेमस। अगर आपको पता है कि इससे सक्सेस मिल रही है और मैंने ये तरीका अपनाया तो आप भी अपना लो। किसने रोका है? सच्चाई ये है कि लोगों को नहीं पता है कि कितना मेहनत करनी पड़ती है, खून-पसीना बहाना पड़ता है सक्सेस के लिए। इसके बावजूद सफलता और शोहरत की गारंटी नहीं होती।

**लड़कियों को आम तौर पर जज किया जाता है। मोलेस्टेशन और रेप की दुर्दांत घटनाओं के लिए भी उन्हें दोषी माना जाता है। हाल ही में कोलकाता रेप केस और बदलापुर मोलेस्टेशन केस से लोगों में काफी आक्रोश है?**

विक्टिम ब्लेमिंग तो हमेशा से चली आ रही है। पहले जब औरत का रेप होता था, तो लोग कहते थे उसकी इज्जत चली गई। अरे, जिसने रेप किया, उसे आप कुछ नहीं कह रहे और जिसके साथ बलात्कार हुआ, उसकी इज्जत जाने की बात कर रहे हो। अगर औरत के साथ कुछ गलत हुआ है, तो इसमें उसकी क्या गलती है? गलत तो वो है, जिसने ये कु-कृत्य किया है। जब तक हम अपराधी को ब्लेम न करते हुए विक्टिम को ब्लेम करते रहेंगे, तब तक अपराध रुकेंगे नहीं। मुझे नहीं लगता कि दुनिया से रेप खत्म हो सकता है। समाज का वीकर जेंडर औरत है, तो उसे दबाना आपके लिए आसान होता है। मैं समझती हूं, रेप वैसे भी लस्ट इश्यू नहीं है। ये पावर का मुद्दा है।

**आपके रियलिटी शो की बात करूं, तो कुछ इसे आपकी ईमानदार कोशिश बता रहे हैं, मगर कुछ इसे किम कार्दाशियन के शो की सस्ती कॉपी कह रहे हैं। आप इस पर क्या कहेंगी?**

सस्ती कॉपी है तो क्या? उनका बहुत बजट है, हमारा सस्ता है, तो क्या करें? बजट नहीं था अपने पास। बजट बढ़ जाएगा तो फर्स्ट कॉपी बन जाएगी। ये पहला नहीं है। इससे पहले गौहर खान और निगार खान का खान सिस्टर्स शो आया था, मलाइका अरोड़ा का भी शो आ चुका है। पहले भी ऐसे कई उदाहरण हैं। बात बस यही है कि मेरी और किम की लाइफ में बहुत-सी समानताएं हैं। भाई-बहन सेम हैं, मैं भी पॉपुलर हूं, वह भी पॉपुलर हैं। हमारे बीच की समानताओं के कारण लोग हमारी तुलना कर रहे हैं, मगर मैं ये जरूर कहना चाहूंगी कि मैंने अपने जीवन को ईमानदारी से सबके सामने प्रस्तुत किया है।

**अपने रियलिटी शो के लिए आपको इंडस्ट्री से किस तरह का फीडबैक मिला है?**

बहुत अच्छा। मुझे अनन्या पांडे, नेहा धूपिया, रितेश-जेनेलिया, फराह खान ने मैसेजेस किए, तो सोफी चौधरी, भारती सिंह, सामंथा रुथ आदि ने मेरे लिए स्टोरी डाली थी।



## देवरा को घर वापसी कहने पर जान्हवी कपूर ट्रोल हुईं

जान्हवी कपूर जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के साथ देवरा पार्ट 1 के साथ तेलुगु सिनेमा में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। घोषणा के बाद से ही इस फिल्म को काफी चर्चा मिल रही है। आज ट्रेलर लॉन्च के मौके पर जान्हवी ने कहा कि वह अपनी सभी फिल्मों में जूनियर एनटीआर, जिन्हें तारक के नाम से भी जाना जाता है, के साथ काम करना पसंद करेंगी।

यह फिल्म 27 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जान्हवी ने कहा, ये मेरी डेब्यू फिल्म है और सच में ऐसा लग रहा है मेरे घर वापसी भी है क्योंकि मेरी पहली तेलुगु फिल्म है। ये बहुत बहुत खास है। इतने उत्साह के साथ आने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। यहां तक कि मैं भी तारक सर के साथ हर एक फिल्म करना चाहती हूं। मुझे बहुत मजा आया। मैंने बहुत कुछ सीखा और हर कोई जानता है कि मैं हमेशा से उनकी कितनी बड़ी प्रशंसक रही हूं और मुझे लगता है कि उनके साथ काम करने के बाद मैं उनकी और भी बड़ी प्रशंसक बन गई हूं।

हालांकि, इस अन्यथा मधुर भावना के एक विशेष हिस्से ने नेटिजेंस का ध्यान खींचा, जिन्होंने इसे समस्याग्रस्त पाया। मुद्दा यह था कि जान्हवी कपूर ने देवरा पर काम करने को घर वापसी (इस संदर्भ में, घर वापसी) के रूप में संदर्भित किया, भले ही उनकी माँ, श्रीदेवी ने मुख्य रूप से तमिल सिनेमा में काम किया था, न कि तेलुगु में। इस क्लिप को जल्द ही नेटिजन्स से प्रतिक्रियाएँ मिलीं। एक ने कहा, क्या घर वापसी का कोई नकारात्मक अर्थ नहीं है? एक यूजर ने मजाक में कहा, यह उनकी पहली फिल्म और घर वापसी दोनों ही है एक अन्य ने कहा, श्रीदेवी ने लगभग 90 तमिल फिल्मों में काम किया है और अभी भी श्रीदेवी के चचेरे भाई तिरुपति में हैं। हो सकता है कि वह खुद को बढ़ावा देने के लिए इस भावना का इस्तेमाल कर रही हो। आगामी फिल्म देवरा-पार्ट 1 के निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया, जिसमें खून-खराबा, लड़ाई-झगड़े और थोड़ा-बहुत रोमांस दिखाया गया है। दो मिनट से ज्यादा लंबे इस ट्रेलर में आम आदमी और बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान के बीच एक महामुकाबला दिखाया गया है।

## मुंबई में सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग कर रही हैं मृणाल ठाकुर



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने खुलासा किया कि वह अपनी आगामी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग के लिए मुंबई वापस आ गई हैं। मृणाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर अपनी वैनिटी वैन की मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की। तस्वीर पर मुंबई मेरी जान और सन ऑफ सरदार 2 लिखा था। बैकग्राउंड स्कोर में पंजाबी एमसी का गाना ढोल जगीरो दा बज रहा था। सन ऑफ सरदार 2 अश्विनी धीर द्वारा निर्देशित 2012 की एक्शन-कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस दूसरी फिल्म में अजय देवगन और संजय दत्त भी हैं। मृणाल हाल ही में स्कॉटलैंड से छुट्टियां मनाकर लौटी हैं। अभिनेत्री ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी ड्रेसिंग टेबल, आईने और कुर्सी की तस्वीर साझा की। मृणाल ने यह नहीं बताया कि वह किस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। हालांकि, उनकी आने वाली फिल्मों में पूजा मेरी जान और है जवानी तो इश्क होना है भी शामिल हैं।

# मेरे लिए सबसे पहले मायने रखती हैं आराध्या

**बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ अक्सर कई मौके पर साथ देखी जा चुकी हैं। कुछ समय पहले ऐश्वर्या और आराध्या को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में एक साथ देखा गया था। ऐश्वर्या जहां भी जाती हैं आराध्या अक्सर उनके साथ होती हैं।**

एक पुराने इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने आराध्या को परी बताया और कहा था कि उनके लिए सबसे पहले आराध्या हैं बाकी सभी बाद में आते हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड की एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनकी एक झलक पाने को प्रशंसक बेकरार रहते हैं। ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या बच्चन के प्रति हमेशा सचेत रहती हैं क्योंकि वह एक समर्पित मां हैं। ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन ने 20 अप्रैल 2007 में शादी रचाई थी। इसके बाद 16 नवंबर, 2011 को उन्होंने अपनी बिटिया रानी आराध्या का स्वागत किया। ऐश्वर्या जहां भी जाती हैं अपनी बेटी आराध्या को साथ में ले जाती हैं। आराध्या अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग, कार्यक्रम और छुट्टियों में भी अपनी मां के साथ ही जाती देखी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऐश्वर्या राय ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि आराध्या के जन्म के बाद उनकी प्राथमिकताएं बिल्कुल बदल गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐश्वर्या राय ने एक इंटरव्यू में कहा था, जब मैं 18 साल की थी, तब से मैं कई जिम्मेदारियों को निभा रही हूं। मेरा दिन सुबह 5.30 बजे शुरू होता है। जब से मुझे याद है, तब से यह ऐसा ही रहा है। बेशक, आराध्या के बाद मेरी प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल गई हैं। आराध्या सबसे पहले आती है, बाकी सब बाद में है।





## अक्षय कुमार के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा, खिलाड़ी की नई फिल्म का एलान

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के जन्मदिन के मौके पर फैंस को खास तोहफा मिला है। उनकी अगली फिल्म का एलान हो गया है। अक्षय की पिछली कई फिल्में फ्लॉप रही हैं। न एक्शन का दम दिखा न कॉमेडी काम आई। अब आगामी फिल्म में उन्होंने हॉरर पर दाव खेला है। इस फिल्म के फर्स्ट लुक के साथ टाइटल का भी एलान हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और करीब डेढ़ दशक बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन इस फिल्म के जरिए साथ काम कर रहे हैं। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म का नाम भूत बंगला है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही वीडियो है। इसमें वे दूध से भरा कटोरा हाथ में लिए नजर आ रहे हैं। एक्टर के कंधे पर काली बिल्ली सवार है। खिलाड़ी कुमार की यह फिल्म अगले साल यानी 2025 में रिलीज होगी। अक्षय कुमार ने इसके साथ लिखा है, वर्षों से जन्मदिन पर आप सभी से मिल रहीं शुभकामनाओं के लिए तहेदिल से शुक्रिया! इस साल इस खास दिन का जश्न भूत बंगला के फर्स्ट लुक के साथ मनाया जा रहा है। करीब 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ जुड़ते हुए मैं बेहद उत्साहित हूं। यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसका आना काफी वक्त से बाकी था। इस शानदार यात्रा को आप सभी के साथ साझा करने के लिए बहुत बेकरारी से इंतजार है। कुछ जादुई होने वाला है। एकता कपूर इस फिल्म का निर्माण कर रही हैं। फिल्म की कहानी काले जादू पर आधारित बताई जा रही है। अक्षय ने बताया कि यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय की इस पोस्ट पर यूजर्स के दिलचस्प कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आखिर 14 साल बाद दो शानदार लोग साथ जो




आ रहे हैं तो कुछ कमाल तो होने वाला है। एक यूजर ने लिखा, हॉरर में आपका अंदाज देखे वाला होगा। एक यूजर ने लिखा, कॉमेडी, एक्शन किंग और लव गुरू, अब हॉरर में दम दिखाएंगे। मालूम हो कि इस साल अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई। इसमें वे टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आए। लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म औंधे मुंह गिरी। इसके बाद उनकी फिल्म सिरफिरा आई वह भी बेदम रही। इन दिनों वे खेल खेल में को लेकर चर्चा में हैं, जो बीते महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आई थी, लेकिन इसे भी दर्शक नहीं मिले। अब देखना होगा कि हॉरर में खिलाड़ी क्या कमाल करते हैं।

## रिलेशनशिप में झूठ बोलने वालों से नफरत करती हैं तमन्ना

तमन्ना भाटिया इन दिनों स्त्री 2 में अपने आइटम नंबर आज की रात को लेकर चर्चा में चल रही हैं। तमन्ना अपने बॉयफ्रेंड विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर काफी सुर्खियां बटोरती हैं। अब हाल ही में, तमन्ना ने रिलेशनशिप, हार्टब्रेक के बारे में बात की है राज शमानी के साथ एक इंटरव्यू में तमन्ना ने अपने जीवन के सपोर्ट सिस्टम और प्यार के बारे में बात की है। अभिनेत्री ने रिश्ते में रेड फ्लैग के बारे में बात करते हुए कहा कि पार्टनर पर कंट्रोल करना और झूठ बोलना रेड फ्लैग है, अभिनेत्री ने कहा कि वह ऐसे लोगों के साथ नहीं रह सकती है। इसके अलावा तमन्ना ने बताया कि पिछले रिश्ते में उन्हें बहुत ज्यादा गिफ्ट्स मिलते थे तो वह नाराज हो जाती थीं, अभिनेत्री को ऐसा लगता था कि वो रिलेशनशिप में प्राइज टैग लगा रहे हैं।

